

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 4 अगस्त 2026 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष -42 ■ अंक-127 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 05 अगस्त 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## भयानक टर्बुलेंस में फंसा एयर इंडिया का विमान,12 यात्री घायल

### डगमगाया विमान, मची चीख-पुकार, आसमान में अटकी यात्रियों की जान

**नई दिल्ली,4 अगस्त।** फुकेत से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट को जबरदस्त टर्बुलेंस (हवा के तेज़ झटकों) का सामना करना पड़ा, जिससे विमान की ऊंचाई अचानक कम हो गई और कई यात्रियों व क्रू सदस्यों को मामूली चोटें आईं। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक, टर्बुलेंस के दौरान विमान लगभग 300 फ़ीट नीचे गिर गया। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में लैंडिंग के बाद फ्लाइट AI2379 से सभी यात्री और क्रू सदस्य सुरक्षित बाहर निकल आए और घायल लोगों को इलाज के लिए एयरपोर्ट पर ही मेडिकल सुविधा में ले जाया गया। एयरलाइन ने घायलों की संख्या नहीं बताई, लेकिन सूत्रों के मुताबिक़ लगभग 12 यात्री घायल हुए हैं। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा हमारे यात्रियों और क्रू की सुरक्षा और भलाई एयर इंडिया की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। हम प्रभावित लोगों को हर ज़रूरी मदद दे रहे हैं और जांच के सिलसिले में संबंधित अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं। अभी तक किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। जिन कुछ यात्रियों और क्रू सदस्यों को मामूली चोटें आईं और जिन्हें मेडिकल जांच की ज़रूरत थी, उन्हें एहतियात के तौर पर जांच और देखभाल के लिए एअर इंडिया की एयरपोर्ट टीम और मेडिकल स्टाफ़ द्वारा एयरपोर्ट पर ही मेडिकल सुविधा केंद्र ले जाया गया है। यात्रियों और क्रू की सुरक्षा और भलाई एअर इंडिया के लिए सबसे ज़रूरी है।



## जंगल से राइफल और कारतूस जब्त

**सुकमा,4 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत मंगलवार को सुरक्षा बलों ने बड़ी सफलता हांसिल की. बोधराज पाड़र के जंगलों में संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सली डंप बरामद किया गया है. जहां 315 बोर बोल्ट एक्शन रायफल और भारी मात्रा में जिंदा कारतूस छिपाकर रखी गई थी. जानकारी के अनुसार, एसपी मयंक गुर्जर के निर्देशन और एएसपी (ऑप्स) रोहित शाह के मार्गदर्शन में नक्सल उन्मूलन अभियान लगातार चलाया जा रहा है. इसी के तहत 3 अगस्त को भेज्जी थाना पुलिस और सीआरपीएफ की 50वीं बटालियन की संयुक्त टीम को बोदराजपदर के जंगल में भेजा गया था. यहां नक्सलियों के अवैध गतिविधियां की सूचना मिली थी. गहन तलाशी के बाद नक्सलियों के डंप को बरामद कर लिया गया. सर्च अभियान सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद संयुक्त टीम सुरक्षित रूप से कैंप लौट आई. सुकमा पुलिस ने बताया कि जिले में नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी रहेगा.



### साय कैबिनेट की बैठक 5 अगस्त को

**रायपुर,4 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार, 5 अगस्त 2026 को आयोजित होगी। यह बैठक पूर्वाह्न 11:30 बजे मंत्रालय महानदी भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। बैठक में राज्य के विभिन्न विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा और निर्णय लिए जाने की संभावना है। साथ ही प्रदेश के विकास, प्रशासनिक कार्यों और जनहित से जुड़े अहम विषयों पर भी मंत्रिपरिषद विचार-विमर्श करेगी। बैठक के बाद लिए गए फैसलों की आधिकारिक जानकारी जारी की जाएगी।

### नेगी बने ईरान में नए भारतीय राजदूत

**नई दिल्ली,4 अगस्त।** भारत सरकार ने 2002 बैच के आईएफएस अधिकारी विश्वेश नेगी को ईरान में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया है. वे अब रुद्र गौरव श्रेष्ठ की जगह लेंगे, जिन्हें तुर्की में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है. विश्वेश नेगी ईरान में नियुक्ति से पहले नई दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत थे. यह नियुक्ति पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच हुई है. भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अफसर विश्वेश नेगी की राजदूत के रूप में नियुक्ति भारत और ईरान के बीच संबंधों के लिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि दोनों देशों के बीच करीबी रणनीतिक, आर्थिक और ऊर्जा संबंध हैं. विदेश मंत्रालय के अनुसार, वह जल्द ही ईरान की राजधानी तेहरान पहुंचकर अपनी नई डिप्लोमैटिक जिम्मेदारी संभालेंगे.

### कश्मीर में 21 संदिग्ध बांग्लादेशी पकड़े गए

**श्रीनगर,4 अगस्त।** जम्मू-कश्मीर के रामबन में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 21 संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। इनमें 3 महिलाएं और 7 बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, ये लोग जम्मू से कश्मीर जा रहे थे, लेकिन जांच के दौरान अपने भारत में कानूनी प्रवास से जुड़े कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई गई है कि सभी लोग असम के रास्ते भारत में घुसे और ट्रेन से जम्मू पहुंचे थे। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि क्या इनके पीछे कोई स्थानीय या अंतरराज्यीय नेटवर्क सक्रिय है।

### बुक डिपो में लगी आग

**जगदलपुर,4 अगस्त।** शहर के अनुपमा चौक स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक के पास स्थित सूरज इंटरप्राइजेज में मंगलवार देर रात भीषण आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया।

## सड़क हादसे में घायल किरण सिंह देव की मेदांता अस्पताल में हुई सफल सर्जरी

**रायपुर/नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की सोमवार को नई दिल्ली स्थित मेदांता अस्पताल में सफल ऑर्थोपेडिक सर्जरी हुई। वे बागेश्वर धाम से छत्तीसगढ़ लौटते समय झांसी के समीप हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि विख्यात अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अतीक वसदेव और उनकी मेडिकल टीम की देखरेख में एक घंटे से अधिक समय तक चली शल्य क्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान एसिटाबुलम फ्रैक्चर की रिपेयर सर्जरी की गई। उन्होंने कहा कि सर्जरी के बाद किरण देव के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है और उनकी स्थिति पूरी तरह सुरक्षित है। चिकित्सकों ने उन्हें कुछ दिनों के अनिवार्य विश्राम की सलाह दी है। पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद वे शीघ्र ही छत्तीसगढ़ लौटेंगे। विजय शर्मा ने बताया कि विश्राम अवधि पूरी होने के बाद किरण देव अपनी नियमित दिनचर्या में लौटकर संगठन के आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करेंगे तथा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठनात्मक जिम्मेदारियां संभालेंगे।

## सिद्धिविनायक मंदिर में 18 करोड़ की चोरी

### मुंबई पुलिस ने ट्रस्ट के 9 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया, 46 निलंबित

**मुंबई,4 अगस्त।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला का खुलासा होने के बाद देश के कई प्रसिद्ध मंदिरों में चढ़ावा चोरी के आरोप लगे हैं। अब इसमें नया नाम प्रसिद्ध मुंबई सिद्धिविनायक मंदिर का जुड़ गया है। सिद्धिविनायक मंदिर दान घोटाला हुआ है। सिद्धिविनायक मंदिर में मिलने वाले दान से 18 करोड़ की चोरी हुई है। ये चोरी श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर ट्रस्ट के कर्मचारियों ने किया है। ट्रस्ट की शिकायत पर मुंबई पुलिस ने 9 कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। वहीं 46 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। ट्रस्ट अध्यक्ष सदा सर्वणकर ने पुलिस हिरासत में लिए गए कर्मचारियों की जमानत की पुष्टि की है। दरअसल पिछले दिनों मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने मंदिर में 18 करोड़ रुपये के दान के गबन का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया था कि मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में हर साल करीब 18 करोड़ रुपये के दान का गबन किया जा रहा था। इसके साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि अयोध्या के राम मंदिर में 1,400 करोड़ रुपये की चोरी हुई है। सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के नेता सदा सर्वणकर ने राज ठाकरे के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी है। सिद्धिविनायक ट्रस्ट के अध्यक्ष सदा सरवनकर ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि करीब 18 करोड़ की चोरी का मामला सामने आया है।



## ग्राहक बनकर पहुंचा चोर, 4.45 लाख की सोने की इयररिंग लेकर फरार

**धमतरी,4 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां ग्राहक बनकर पहुंचे शातिर चोर ने दिनदहाड़े ज्वेलर्स दुकान में हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पूरा मामला नगरी थाना क्षेत्र के नगरी बाजार स्थित नवकार ज्वेलर्स का है। बताया जा रहा है कि आरोपी बड़ी ही चालाकी से दुकान में दाखिल हुआ और सोने की ईयर रिंग दिखाने की बात कहने लगा। दुकानदार को क्या पता था कि ये ग्राहक नहीं बल्कि एक शातिर चोर है। इसी बीच जैसे ही दुकानदार का ध्यान थोड़ा भटका आरोपी ने मौके का फायदा उठाकर काउंटर पर रखे 9 नग सोने के ईयर रिंग पर हाथ साफ कर दिया और पलक झपकते ही दुकान से फरार हो गया, जब दुकान के मालिक ने काउंटर पर रखे जेवरात को गिना तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन फानन में आसपास तलाश की गई, लेकिन तब तक आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो चुका था। बताया जा रहा है कि चोरी हुए जेवरात की कुल कीमत 4 लाख 45 हजार रुपये आंकी गई है।

## कपड़ा दुकान जलकर खाक

**बलरामपुर/रामानुजगंज।** नगर के व्यस्ततम इलाके स्टेट बैंक रोड स्थित एक प्रमुख कपड़ा व्यवसायी की दुकान में मंगलवार तड़के लगभग 5:30 बजे भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि जब तक लोग कुछ समझ पाते, पूरी दुकान लपटों की चपेट में आ चुकी थी। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, इस हादसे में दुकान संचालक को 50 लाख रुपये से अधिक का भारी वित्तीय नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह जब स्थानीय नागरिक टहलने निकले, तो उन्होंने दुकान से धुआं और आग की ऊंची लपटें उठती देखीं। नागरिकों ने बिना देरी किए दुकान संचालक निहाल जायसवाल को घटना की जानकारी दी और तत्काल नगर पालिका के फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि, आग इतनी विकराल हो चुकी थी कि दमकल वाहन का पानी खत्म हो गया, लेकिन लपटें शांत नहीं हुईं। इसके बाद स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की सूझबूझ काम आई। लोगों ने नगर पालिका के पानी के टैंकरों से बाल्टियों के जरिए पानी डालकर आग बुझाने की कवायद जारी रखी। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश कपड़ा और सामान जलकर राख में तब्दील हो चुका था। बचाव कार्य के दौरान स्थानीय युवाओं और जनप्रतिनिधियों ने सराहनीय योगदान दिया।



## इजराइली पीएम नेतन्याहू ने भारत की जमकर तारीफ की

**नई दिल्ली,4 अगस्त।** इजराइल-अमेरिका और ईरान युद्ध के कारण दुनिया भर में बदलते राजनीतिक हालातों के बीच इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत पर बड़ा बयान दिया है। इजरायल पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत की जमकर तारीफ करते हुए भारत-इजराइल संबंधों पर दिल खोलकर बात रही है। इजराइली पीएम ने कहा कि हम भारत के साथ अपने रिश्तों को मजबूत करने के लिए बहुत मेहनत कर रहे हैं। इस दौरान बेंजामिन नेतन्याहू ने ने पीएम मोदी को अपना दोस्त बताया। नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खुलकर तारीफ की और उन्हें इजराइल के सबसे अच्छे दोस्तों में से एक बताया। इसके साथ ही उन्होंने मुश्किल वक्त में भारत से मिले समर्थन और सहयोग की भी सराहना की।

इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि 'हमें और भी अलाइंस बनाने की जरूरत है। लिहाजा इसीलिए मैं भारत के साथ और अपने दोस्त नरेंद्र के साथ-जो हमारे सबसे अच्छे दोस्तों में से एक हैं। अपने रिश्तों को मजबूत करने पर बहुत ध्यान दे रहा हूं। कहा जाता है कि इजराइल अलग-थलग पड़ गया है लेकिन भारत में इजराइल को और मुझे व्यक्तिगत रूप से जो समर्थन मिलता है, वो सचमुच अविश्वसनीय है। बता दें कि साल 2018 में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत का एक अहम दौरा किया था। उस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच 9 बड़े समझौतों पर दस्तखत (Sign) हुए थे। उस समय दोनों नेताओं ने इस रिश्ते को एक विशेष साझेदारी का नाम दिया था, जिसने दोनों देशों के बीच व्यापारिक और तकनीकी संबंधों को एक नए स्तर पर पहुंचाने में मदद की। साल 2026 में दोनों देशों के संबंध और भी ज्यादा मजबूत हुए हैं। इस साल फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजराइल का दौरा किया था। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अपने संबंधों को 'शांति, इनोवेशन और समृद्धि के लिए भारत-इजराइल के बीच अहम साझेदारी हुई थी।



## छत्तीसगढ़ में बदलेंगे ध्वनि प्रदूषण के कानून, हाईकोर्ट ने मांगी प्रगति रिपोर्ट

बिलासपुर,4 अगस्त। तेज डीजे, ध्वनि विस्तारक यंत्रों से ध्वनि प्रदूषण पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर कोर्ट ने कहा कि त्योहारों का समय आने वाला है। इस दौरान डीजे और दूसरे यंत्रों पर ध्यान देना होगा। सुनवाई के दौरान शासन ने बताया कि कोलाहल अधिनियम में संशोधन की प्रक्रिया जारी है। इसमें कड़े नियम बनाए जा रहे हैं। जल्द ही इसे लागू किया जाएगा। हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई में ताजा प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। शासन ने बताया है कि ध्वनि प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए पुराने "छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985" में बड़े और कड़े बदलाव किए जा रहे हैं, जिसका ड्राफ्ट अब अंतिम चरण में है। सरकार ने माना कि ध्वनि प्रदूषण से निपटने के लिए मौजूदा कानून को और मजबूत बनाना बेहद जरूरी है। शपथपत्र में सरकार ने जानकारी दी कि कोलाहल नियंत्रण अधिनियम में संशोधन के लिए गठित ड्राफ्ट कमेटी ने हाल ही में 11 मई, दो जून, आठ जून और 15 जून 2026 को लगातार बैठकें की है। कमेटी ने विभिन्न हितधारकों और जमीनी अधिकारियों से मिले सुझावों के आधार पर प्रस्तावित कानून की धारा-दर-धारा बारीकी से समीक्षा कर जरूरी सुधार किए हैं। नए संशोधन का ड्राफ्ट अब पूरी तरह तैयार होने की कगार पर पहुंच चुका है।



प्रदेश के गृह विभाग के अनुसार, ड्राफ्ट कमेटी द्वारा अंतिम रूप दिए जाने के बाद इस पूरे प्रस्ताव को मंजूरी के लिए राज्य की मंत्रिपरिषद के सामने रखा जाएगा। कैबिनेट से हरी झंडी मिलने के बाद इस संशोधन विधेयक को छत्तीसगढ़ विधानसभा के पटल पर विचार और पारित करने के लिए प्रस्तुत किया जाएगा, जिसके बाद यह पूरे राज्य में कानून के रूप में लागू होगा।हाईकोर्ट ने ड्राफ्ट को फाइनल करने और कानून बनाने की दिशा में और क्या ठोस कदम उठाए गए हैं, इसकी जानकारी भी मांगी। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट के सामने तर्क रखा कि वर्तमान कानून बेहद कमजोर साबित हो रहा है। उनका कहना था कि नियम तोड़ने वालों पर केवल 500 से 1000 रुपए तक का जुर्माना लगाकर कार्रवाई खत्म कर दी जाती है।

## सेना के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट कांस्टेबल की सैलरी में कटौती

**बिलासपुर,4 अगस्त।** हाईकोर्ट ने भारतीय सेना और पैरामिलिट्री फ़ोर्स के ख़िलाफ़ फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले सीआईएसएफ कांस्टेबल की विभागीय सजा को उचित मानते हुए याचिका खारिज कर दी. कोर्ट ने सैलरी में कटौती की सज़ा को सही ठहराते हुए कहा कि यह सज़ा दुर्व्यवहार के हिसाब से सही थी. संविधान के आर्टिकल 226 के तहत अपने अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करते हुए, वह तब तक दखल नहीं दे सकता जब तक कि जांच में कोई प्रक्रियात्मक गड़बड़ी न हो या सज़ा बहुत ज़्यादा या अनुचित न हो.कॉन्स्टेबल ने अनुशासनात्मक और अपीलीय अधिकारियों के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें एक साल के लिए सैलरी में स्टेज की कटौती (संचयी प्रभाव के साथ) की सज़ा दी गई. याचिकाकर्ता का तर्क था कि उसका भारतीय सेना या पैरामिलिट्री फ़ोर्स का अपमान करने का कोई इरादा नहीं था और विभाग यह साबित करने के लिए ठोस सबूत पेश करने में नाकाम रहा कि आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट याचिकाकर्ता ने ही अपलोड किए. उसने यह भी तर्क दिया कि उसे अपनी बात रखने का उचित मौका नहीं दिया गया और सजा बहुत ज़्यादा थी. विभाग ने कहा कि याचिकाकर्ता ने 23 और 24 जून 2020 को अपने फेसबुक अकाउंट पर पांच आपत्तिजनक पोस्ट अपलोड किए थे, और तय प्रक्रिया का पालन करते हुए पूरी विभागीय जांच की गई. कोर्ट ने पाया कि याचिकाकर्ता ने जांच में हिस्सा लिया था और उसे अपना बचाव करने का पर्याप्त मौका दिया गया.

## राष्ट्रमंडल खेल 2026: ग्लास्गो,स्काटलैंड में संपन्न,भारत चौथे स्थान पर

# खेलो इंडिया योजना की यह है आरंभिक झलक

**आलेख.. जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टीवी कमेंटेटर .रायपुर, छ. ग.**

हमारे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2014 से कार्यभार ग्रहण करने के बाद वैसे तो कई राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय विषय चर्चा के केंद्र में रहे परंतु भारत में खेलकूद की जड़ को फिर से मजबूत करने के प्रधानमंत्री के संकल्प ने युवा वर्ग का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया .लगभग 147 करोड़ की आबादी वाले देश के प्रतिभागियों द्वारा विश्व स्तर पर किए गए प्रदर्शन का परिणाम आते ही उसका पोस्टमार्टम होता था. ये अलग बात है और पूछियेगा नहीं कि भारत में खेल की स्थित के बारे में जो वर्ग, समूह, व्यक्ति अपने विचार व्यक्त कर रहे है उनका खेल से कोई क्या लेना देना है भी या नहीं। फिर भी लोकतंत्र है तो विचार व्यक्त करने की आजादी का लाभ नागरिक उठा लेते हैं .

कुल मिलाकर हमारे देश के खिलाड़ियों के चयन को कोसा जाता है। लेकिन सही बात तो यह है कि बहुत कम समीक्षा, विचारक इस बात को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते रहे हैं

कि अधिकांश गलती हमारे तरफ से रही है। हमने खिलाड़ियों को जमीनी स्तर से चुनकर उन्हें व्यवस्थित प्रशिक्षण नहीं दिया। हमारे पास अत्याधुनिक खेल सामग्री और अधोसंरचना की कमी है। विश्व स्तरीय प्रशिक्षक उपलब्ध नहीं है। हमारे खिलाड़ियों को तैयारी के लिए विदेश की प्रतियोगिताओं में अपनी क्षमता के आंकलन के लिए नहीं भेजा जाता आदि। लेकिन उपरोक्त कमियों के बारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले ही पता था क्योंकि प्रधानमंत्री बनने से पहले वे 2002 से लेकर 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे अतः वे प्रधानमंत्री की शपथ लेते ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को मजबूत करने के इरादे से सक्रिय रहे। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री का पद ग्रहण किया उनके सामने कई समस्याएं थी वे उसे सुलझाने में लग गये . खेलकूद में भारत को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए उनके पास अलग ही योजना थी। उन्होंने खिलाड़ी से राजनेता बने ओलंपियन लेफ्टिनेट कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर को भारत के खेल मंत्रालय की कमान सौंप दी और खेलों के क्षेत्र में भारत को प्रमुख देश बनाने की दिशा में कदम उठाना शुरू कर दिया। आखिरकार 2017-18 में उन्होंने खेलो इंडिया नामक कार्यक्रम पूरे देश में लागू किया। जिसके लिए केंद्र सरकार के खेल मंत्रालय ने 6200 करोड़ रुपए जारी है और अंत में हम कह सकते हैं जो परिणाम 2026 ग्लास्गो में संपन्न राष्ट्रमंडल खेलों का आया है वह इसी खेलो इंडिया कार्यक्रम को लागू करने का परिणाम है।2017-18 के खेलो इंडिया के लागू होने के पश्चात भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी की जांच के लिए इस खेल स्पर्धा के परिणाम को हम पहला अवसर कह सकते हैं।

2026 की इस प्रतियोगिता में सिर्फ दस खेलों को शामिल किया गया था. इसमें 75 पुरुष,47 महिला खिलाड़ियों सहित 122 सामान्य व पैरा वर्ग के प्रतिभागी थे। हमारे खिलाड़ियों को भले ही 3X3 बास्केटबाल, आर्टिस्टक, जिमानस्टिक, बोल्स, साइक्लिंग, जैसे खेल में कोई पदक नहीं मिला लेकिन मुक्केबाजी में सर्वाधिक 7 स्वर्ण,03 रजत जीता। इसी तरह भारतीय जुडो के इतिहास में नया द्वार खुला जबकि हमारे जूडोकाओ ने 2 स्वर्ण,एक-एक रजत व कांस्य सहित चार पदक जीते। हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने पैरा पावर लिफ्टिंग में एक कांस्य, पैरा एथलीटों ने तीन स्वर्ण, दो रजत व एक कांस्य पदक जीतकर यह बताया कि भारत में उनके वर्ग के खिलाड़ियों को भूरपूर सुविधा दी जाए तो वे अपने देश के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। भारत ने कुल 39 पदक जीते जबकि 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों में 61 पदक हासिल किये थे। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पिछले राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल बैडमिंटन, क्रिकेट, हाकी, टेबल टेनिस और कुश्ती में 31 पदक जीते थे। जबकि बाकी खेलों एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, जिम्नास्टिक, जूडो, पैरा पावरलिफ्टिंग, तैराकी, टेबल टेनिस,भारोत्तोलन को मिलाकर 30 पदक जीते थे। 2022 में भारत के 210 खिलाड़ी जबकि 2026 में सिर्फ 122 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अतः हम कह सकते हैं कि 2026 के परिणाम में खेलो इंडिया की झलक है और अब जबकि आगामी 2030 के राष्ट्रमंडल खेल अपने 100 वें वर्ष में भारत के अहमदाबाद में होंगे तो यही नतीजे हमारे खिलाड़ियों को शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरणा देंगे।

भोरमदेव मंदिर चौरा में पांच दिवसीय संभागीय सरस मेला का उद्घाटन

# सरस मेला के आयोजन से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलती है मजबूती:विजय शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 4 अगस्त।** भोरमदेव मंदिर चौरा में आयोजित पांच दिवसीय संभागीय सरस मेला का उद्घाटन उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान स्व-सहायता समूहों की लखपति दीदियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि संभागीय सरस मेला से ग्रामीण महिलाओं के स्वरोजगार को एक नई दिशा मिलती है तथा यह आयोजन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होता है। सरस मेला में स्वदेशी, प्राकृतिक एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की भव्य प्रदर्शनी सह विक्रय हेतु संभागीय सरस मेला समूह की दीदियों के लिए सफलता के द्वार खोलेगा। संभागीय सरस मेला के उद्घाटन के दौरान अध्यक्ष छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग श्री बिसेसर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य श्री राम कुमार भट्ट, श्री वीरेंद्र साहू, श्री लोकचंद साहू, श्री संतोष पटेल, श्री विदेशी राम धुर्वे, कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक अग्रवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक जिले के अधिकारी गण, स्व सहायता समूह की दीदियों सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। मेले में लगे स्टालों का उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अवलोकन किया तथा महिला समूह से उनके उत्पादन के विषय में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान स्टॉल से खरीदी कर महिला समूह का हौसला बढ़ाया तथा उन्हें सफल व्यवसाय की शुभकामनाएं दी।

संभागीय सरस मेला के संबंध में कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि मेले का आयोजन सावन माह में किया गया है जो 06 अगस्त की शाम तक चलेगा। विश्व प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर की पावन एवं ऐतिहासिक धरा पर आयोजित यह मेला केवल खरीदारी का अवसर नहीं बल्कि ग्रामीण उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। 50 से अधिक स्टॉलों के द्वारा एक ही छत के नीचे



ताज़े एवं पौष्टिक मिलेट उत्पाद, स्वादिष्ट घरेलू खाद्य सामग्री, वनोपज आधारित अन्य स्थानीय उत्पादन मिल रहा है। हस्तशिल्प एवं हथकरघा सामग्री बाँस एवं बेंत से बने आकर्षक उत्पाद,घरेलू सजावटी वस्तुएँ, पारंपरिक परिधान तथा अनेक प्रकार के अन्य उपयोगी स्वदेशी सामग्रियों का विशाल भंडार विक्रय के लिए उपलब्ध होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक अग्रवाल ने बताया की समूह की दीदियों द्वारा निर्मित सामग्रियों को बाजार उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से संभागीय सरस मेला का आयोजन हो रहा है। प्रत्येक खरीदी पर ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वदेशी भारत का संकल्प होगा। जैविक खाद्य सामग्री, आकर्षक सजावट के सामान सहित अन्य उपयोगी वस्तु कम दर पर उपलब्ध है। सभी जिलेवासियों से अपील की जाती है कि वह सावन के इस पवित्र महीने में बाबा भोरमदेव के दर्शन के साथ ही संभागीय सरस मेला का लाभ उठाए।प्रसिद्ध पंडवानी गायिका श्रीमती तरुणा साहू और स्कूली बच्चों के शिव तांडव की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका श्रीमती तरुणा साहू के पंडवानी गायन ने सभी का मन मोह लिया। द्रोपदी चीर हरण सहित अन्य प्रसंगो की मार्मिक प्रस्तुति ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को उस काल खण्ड की याद दिला दी। इसी तरह स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल बोड़ला के बच्चों द्वारा शिव तांडव का नृत्य प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने सरस मेला में उपस्थित सभी लोगों का खूब मनोरंजन किया। उल्लेखनीय है कि संभागीय सरस मेला में दुर्ग संभाग के कबीरधाम सहित जिला दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, बेमेतरा, मोहला- मानपुर- अंबागढ़ चौकी एवं खैरागढ़- छुईखदान- गंडई के अतिरिक्त अन्य ज़िलों की महिला स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा उत्पादित आकर्षक सामग्रियों की प्रदर्शनी सह विक्रय के लिए 50 स्टॉल गए हैं। इन स्टॉलों में विभिन्न जैविक खाद्य सामग्री जैसे हल्दी, मिर्ची, धनिया, कोदो- कुटकी, कटहल, आम, नीबू महुआ के आचार, पापड़, ब्लैक राइस के साथ अगरबत्ती, दोना-पत्तल,बैग, सिंगार के सामान, हैंड बैग सहित अनेको आकर्षक सामग्री महिला समूह द्वारा बनाये गए है। मेला 6 अगस्त की शाम तक भोरमदेव मंदिर के पास ग्राम चौरा में आयोजित होने वाले संभागीय सरस मेला में अपने परिवार, मित्रों और प्रियजनों के साथ आकर इसका आनंद उठाइए।

## कार का शीशा तोड़कर 4.90 लाख की चोरी करने वाला कर्मचारी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 अगस्त।** भिलाई पोटिया रोड स्थित एक शोरूम के सामने कार का शीशा तोड़कर 4.90 लाख रुपये चोरी करने की सनसनीखेज वारदात का दुर्ग पुलिस ने खुलासा कर दिया है पुलिस जांच में मुख्य आरोपी भुवनेश्वर डहरिया निकला, जो होंडा शोरूम में कर्मचारी है। पुलिस के अनुसार उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले पीड़ित की गतिविधियों की रेकी की और फिर सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया पुलगांव प्रभारी गुरविन्दर सिंह संधु ने बताया कि घटना 28 जुलाई की है मुक्त नगर निवासी प्रमोद महेश्वरी अपनी मारुति स्विफ्ट कार में 4.90 लाख रुपये काले रंग के बैग में रखकर पोटिया रोड स्थित शोरूम पहुंचे थे कार खड़ी कर वे दूसरे काम से चले गए इसी दौरान बदमाशों ने कार का अगला शीशा पत्थर से तोड़कर नकदी से भरा बैग चोरी कर लिया वारदात के बाद एसीसीयू और पुलगांव थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई पुलगांव थाने पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के करीब पांच किलोमीटर क्षेत्र में लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तकनीकी विश्लेषण, मुखबिरों की सूचना और संदिग्धों की गतिविधियों के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी को उसकी सहकर्मी सपना राजपूत के माध्यम से पीड़ित की गतिविधियों की जानकारी मिलती थी आरोपियों ने पहले से यह पता कर लिया था कि पीड़ित अक्सर बड़ी रकम लेकर आता है और कार बाहर खड़ी करता है इसी जानकारी के आधार पर चोरी की योजना बनाई गई मामले में पुलिस ने आरोपी भुवनेश्वर डहरिया (23 साल ) कुंद्रापारा दुर्ग, संजय साहू (22 साल ) कुंद्रापारा दुर्ग, जितेंद्र कुमार साहू (28 साल ) रूआबांधा, सपना राजपूत (20 साल ) कोलियाहापुरी दुर्ग व संतोष जोशी (48 साल ) कुंद्रापारा दुर्ग को गिरफ्तार कर आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की रकम में से 1.57 लाख रुपये नकद बरामद किए इस के अलावा वारदात में इस्तेमाल दो पल्सर मोटरसाइकिल और एक एक्टिवा भी जब्त की गई है।

### एक नजर

### ग्राम घुघुवा(क) में नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन सभापति प्रणव शर्मा ने किया



**उतई, 4 अगस्त (तछसं.)।** ग्राम घुघुवा(क) में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज सभापति श्री प्रणव शर्मा के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस नाली निर्माण से बारिश का पानी का उचित निकास हो सकेगा, जिससे आमजन को जलभराव, कीचड़ और बीमारियों से राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने लंबे समय से इस समस्या को लेकर मांग की थी, भूमिपूजन कार्यक्रम में सभापति श्री प्रणव शर्मा ने कहा कि ÷नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से पूरा करना हमारा संकल्प है। घुघुवा(क) की इस नाली से क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित होगा। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच शैलेन्द्री साहू, उपसरपंच शिव नारायण शर्मा, भाजपा पाटन मंडल आईटी सेल प्रभारी प्रशांत, भाजयुमो मंत्री विद्या सागर निषाद, गोपाल साहू, पंच लक्ष्मी निषाद, ढालसिंह साहू, गणमान्य नागरिक, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने इस विकास कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

### बस चालक को घेराबंदी कर पकड़ा




**भिलाई, 4 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) कौशलेन्द्र देव पटेल ने बताया कि रात लगभग 12.36 बजे हाईवे पेट्रोलिंग-03 की टीम राष्ट्रीय राजमार्ग पर नियमित पेट्रोलिंग कर रही थी इसी दौरान सिरसा गेट चौक के पास एक ट्रक चालक अत्यधिक तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन को लहराते हुए चलाता दिखाई दिया, जिससे अन्य वाहन चालकों एवं राहगीरों की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा था। पेट्रोलिंग टीम द्वारा तत्काल ट्रक को रोककर पूछताछ की गई। चालक के हाव-भाव एवं बातचीत से उसके नशे में होने की आशंका होने पर वाहन साइड में लगाने के निर्देश दिए गए, किन्तु चालक ने पुलिस के निर्देशों की अवहेलना करते हुए ट्रक लेकर मौके से भागने का प्रयास किया। इसकी सूचना तत्काल वायरलेस के माध्यम से अन्य पेट्रोलिंग टीमों को दी गई। सूचना प्राप्त होते ही हाईवे पेट्रोलिंग-02 द्वारा नेहरू नगर चौक पर तत्काल नाकाबंदी की गई टीम की सतर्कता एवं त्वरित समन्वित कार्रवाई से भाग रहे ट्रक को सुरक्षित रूप से रोककर चालक को हिरासत में लिया गया तथा यातायात मुख्यालय लाया गया।

### ठगी के मामले में चार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई, 4 जुलाई।** भिलाई पैतृक कृषि भूमि का नामांतरण कराने के नाम पर 2.50 लाख रुपये की कथित ठगी के मामले में न्यायालय के आदेश पर पद्मनाभपुर थाना पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक न्यास भंग का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट के निर्देश पर दर्ज किया गया पद्मनाभपुर थाना पुलिस के अनुसार परिवादी मनीष उपाध्याय (45 साल ) निवासी एमआईजी-60, पद्मनाभपुर ने न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने उपलब्ध दस्तावेजों एवं तथ्यों का परीक्षण करने के बाद प्रथम दृष्ट्या अपराध पाया। इसके बाद न्यायालय के निर्देश पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उनकी माता की पैतृक कृषि भूमि ग्राम बजरंगपुर, नवागांव, जिला राजनांदगांव में स्थित है आरोपियों ने नामांतरण की पूरी प्रक्रिया कराने और जमीन का अधिकार दिलाने का भरोसा दिलाया कागजी कार्रवाई, प्रक्रिया शुल्क और अन्य खर्चों का हवाला देकर 2 लाख 50 हजार रुपये की मांग की गई।

## सावन के प्रथम सोमवार श्रद्धालुओं की सेवा में भी अग्रणी रही कबीरधाम पुलिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 4 अगस्त।** सावन मास के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर कबीरधाम जिले के थाना भोरमदेव क्षेत्र अंतर्गत स्थित भगवान भोलेनाथ बाबा भोरमदेव धाम में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों एवं प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री, पदयात्री एवं श्रद्धालु दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सेवा के लिए विभिन्न शासकीय विभागों, सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा मार्ग में अनेक स्थानों पर पंडाल एवं सेवा शिविर स्थापित किए गए, जहां दर्शनार्थियों एवं राहगीरों के लिए स्वल्पाहार, पेयजल एवं विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई थी।इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र कुमार यादव के निर्देशन में जिला पुलिस कबीरधाम,



थाना भोरमदेव एवं चौकी पौड़ी द्वारा थाना भोरमदेव के सामने विशेष सेवा शिविर का संचालन किया गया। सेवा शिविर में कांवड़ यात्रियों, पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार एवं पेयजल वितरण की व्यवस्था की गई।उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग ने एक ओर जहां संपूर्ण मेला क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात संचालन को सुचारु रखने, वीआईपी मूवमेंट, सुरक्षा व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सहायता जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया, वहीं दूसरी ओर जनसेवा एवं सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए सेवा शिविर में भी सक्रिय सहभागिता निभाई।पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र कुमार यादव स्वयं अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सेवा शिविर में उपस्थित रहे तथा कांवड़ यात्रियों, पदयात्रियों एवं दर्शनार्थियों को स्वल्पाहार वितरित किया। इस दौरान पुलिस बल के अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी नियमित ड्यूटी के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सेवा में भी पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ जुटे रहे।सावन के इस पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र कुमार यादव ने बूढ़ा महादेव मंदिर से बाबा भोरमदेव धाम तक पैदल यात्रा कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की तथा जिले की सुख-समृद्धि, शांति, सामाजिक सौहार्द एवं कानून-व्यवस्था की निरंतर मजबूती के लिए प्रार्थना की।पुलिस अधीक्षक श्री यादव ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा कबीरधाम पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से जिले के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी, संवेदनशीलता एवं सेवा भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक श्रद्धालु सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में अपनी धार्मिक यात्रा संपन्न कर सके। स्वामी विवेकानंद अकादमी की भी अच्छी भूमिका रही ।



### ठेका श्रमिकों के लिए सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन

**भिलाई, 4 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका श्रमिकों के बीच सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तीन दिवसीय सुरक्षा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र के अनुमोदन एवं कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में आयरन, स्टील, मिल एवं सर्विस जोन के 1,030 ठेका श्रमिकों (850 पुरुष, 180 महिला) ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग की महाप्रबंधक पुष्पा एम्ब्रोस के नेतृत्व में किया गया। प्रतिभागी श्रमिकों ने ऐसे आयोजनों को सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने के लिए उपयोगी बताते हुए इनके नियमित आयोजन की आवश्यकता जताई।

## जीई रोड पर अवैध पार्किंग व अतिक्रमण पर निगम-पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 जुलाई।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के उद्देश्य से नगर निगम एवं पुलिस विभाग ने संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के तहत जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र में नेहरू नगर चौक गुरुद्वारा से मौर्या टॉकीज मार्ग तक सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों और गुमटियों पर कार्रवाई की गई। संयुक्त टीम ने सड़क पर अवैध पार्किंग कर यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहनों को हटवाया। वहीं, मार्ग में अवरोध बन रही अवैध गुमटियों को भी हटाया गया, जिससे सड़क पर आवागमन सुचारु हो सके। निगम अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों से न केवल यातायात प्रभावित होता है, बल्कि आम नागरिकों को भी रोजमर्रा की आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम ने नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण न करें तथा अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में इस प्रकार का संयुक्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



### विशेष चेकिंग अभियान,7 गिरफ्तार

**भिलाई, 4 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई पुलिस ने बताया कि थाना छावनी एवं थाना मोहन नगर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। थाना छावनी क्षेत्र के प्रगति नगर बीएसपी क्वार्टर में प्रत्येक मकान का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान 07 स्थायी एवं गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया थाना मोहन नगर क्षेत्र के उरला बॉम्बे आवास, शंकर नगर एवं शांति नगर में भी लगभग 50 अधिकारी-कर्मचारियों ने घर-घर जाकर सत्यापन किया ।



### प्लेट मिल ने बनाया नया रिकॉर्ड 1.25 लाख टन उत्पादन

**भिलाई, 4 जुलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की प्लेट मिल ने उत्पादन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए जुलाई 2026 में 1,25,254 टन उत्पादन दर्ज किया है। इसके साथ ही विभाग ने जुलाई माह का अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड कायम करते हुए जुलाई 2023 के 1,20,139 टन के पूर्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। इस उपलब्धि पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र सहित कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक पी.के. सरकार, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार तथा कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर ने प्लेट मिल का दौरा कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी।

### 31 छात्रों से 34.13 लाख रुपए धोखाधड़ी पर जुर्म दर्ज

**भिलाई, 4 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के सिबिल स्कोर बनाने, हर फाइनेंस पर 2 से 3 हजार रुपए कमीशन देने और ईएमआई खुद भरने का झांसा देकर छात्रों, प्रोफेसरों और बेरोजगार युवाओं को ठगा है पुलिस ने अभी 31 छात्रों से 34.13 लाख रुपए की धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। पीड़ितों का दावा है कि दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर और बालोद में 500 से ज्यादा लोग गिरोह के शिकार हुए हैं। ठगी 10 करोड़ रुपए से अधिक होने की आशंका है पद्मनाभपुर पुलिस में शंकराचार्य कॉलेज के बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र हिमांशु देवांगन ने शिकायत दर्ज करायी कि आरोपियों ने उससे कहा था कि अपने नाम पर इलेक्ट्रॉनिक सामान और पर्सनल लोन लेने से सिबिल स्कोर सुधरेगा हर फाइनेंस पर कमीशन मिलेगा और ईएमआई वे भरेंगे भरोसे में आकर छात्रों ने आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक पासबुक उन्हें सौंप दिए।

## तालाब किनारे बिल्डिंग मटेरियल डम्प करने पर निगम ने लगाया जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 जुलाई।** नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर निर्माण सामग्री डम्प कर आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन क्रमांक-2 वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक-26 रामनगर मुक्तिधाम तालाब पार क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर गिट्टी एवं रेत डम्प करने पर निगम की टीम ने संबंधित व्यक्ति पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया। जानकारी के अनुसार रामनगर मुक्तिधाम तालाब पार क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर गिट्टी और रेत डम्प कर दी गई थी, जिससे स्थानीय नागरिकों के आवागमन में परेशानी हो रही थी। सड़क किनारे निर्माण सामग्री रखे जाने से यातायात भी प्रभावित हो रहा था और दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी। मामले की सूचना मिलने पर नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान सार्वजनिक स्थान पर निर्माण सामग्री डम्प पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई



करते हुए बाधा शुल्क के रूप में 1000 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। नगर निगम ने संबंधित व्यक्ति को भविष्य में सार्वजनिक स्थानों पर निर्माण सामग्री नहीं रखने की समझाइश भी दी। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि सड़क, नाली और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर निर्माण सामग्री डम्प न करें, ताकि यातायात एवं आमजन की आवाजाही बाधित न हो और शहर की व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

## रामेश्वरम तीर्थ की प्रतिकृति होगी गणेश महोत्सव के आकर्षण का केंद्र



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 जुलाई।** दक्षिण कौशल गणेश उत्सव समिति द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ सोमवार को पदमनाभपुर स्थित मिनी स्टेडियम में विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना कर भगवान श्री गणेश से प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। भूमि पूजन के बाद सांसद बघेल ने महोत्सव स्थल का निरीक्षण किया और पंडाल निर्माण में जुटे बंगाल से आए शिल्पकारों एवं कारीगरों से चर्चा कर उनकी कला और निर्माण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने कारीगरों की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कलाकार भारतीय सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गणेश महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकता का भी महापर्व है। ऐसे आयोजन समाज के सभी वर्गों को जोड़ने के साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। समिति के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव का मुख्य आकर्षण रामेश्वरम तीर्थ की भव्य प्रतिकृति होगी। विशाल

## आयुक्त के निर्देश पर शहर भर में नालियों की सफाई तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 4 जुलाई।** नगर निगम की आयुक्त के निर्देशानुसार शहर में वर्षा जल की सुचारु निकासी सुनिश्चित करने के लिए सभी जोनों में नालियों की व्यापक स्तर पर सफाई कराई जा रही है। बरसात के मौसम में जलभराव से मौसमी बीमारियों के फैलने की आशंका को देखते हुए निगम प्रशासन ने सफाई अभियान में तेजी लाई है। निगम द्वारा सफाई कर्मियों की टीमों के माध्यम से छोटी एवं बड़ी नालियों की नियमित सफाई की जा रही है।

सफाई के दौरान नालियों से निकाले गए गाद, कचरे एवं मलबे को तत्काल हटाकर उसका उचित निस्तारण भी किया जा रहा है, ताकि दोबारा नालियां अवरुद्ध न हों और वर्षा जल की निकासी बाधित न हो। इसी क्रम में जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 26 स्थित रामनगर मुक्तिधाम तालाब परिसर में झाड़ू लगाकर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही तालाब में विसर्जित पूजा



सामग्री से फैले कचरे की भी सफाई कर परिसर को स्वच्छ बनाया गया। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे नालियों में कचरा एवं प्लास्टिक सामग्री न डालें तथा शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें।

# अब एक पोर्टल पर ही विभागीय उपलब्धि व महत्वपूर्ण आंकड़े मिलेंगे

**■ पीएम गतिशक्ति योजना अंतर्गत पोर्टल जागरूकता प्रशिक्षण सम्पन्न**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 अगस्त।** प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना जिला मास्टर प्लान अंतर्गत जागरूकता पोर्टल उपयोग सुनिश्चित करने एवं क्षमता निर्माण हेतु एक दिवसीय जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया।कलेक्टर कुलदीप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण में सभी विभाग प्रमुख सम्मिलित हुए। पीएम गति शक्ति योजना अंतर्गत राज्य शासन द्वारा विकसित पोर्टल के माध्यम से लॉग -इन कर सभी विभागों में संचालित योजनाओं की उपलब्धि एवं अन्य महत्वपूर्ण आंकड़े प्राप्त किये जा सकेंगे।



कलेक्टर श्री शर्मा ने इस पोर्टल के सम्बन्ध में विशेष रूप से राजस्व, वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास,लोक निर्माण, स्कूल शिक्षा एवं खाद्य विभाग के अधिकारियो को जिला स्तरीय जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिये । उन्होंने इस पोर्टल का उपयोग कर सभी विभागों को बेहतर समन्वय करने कहा । उन्होंने प्रशिक्षण टीम से जिले में केस स्टडी के रूप में बलौदाबाजार बायपास सड़क निर्माण के लिये अधिग्रहित किये जाने वाले भूमि की जानकारी व नक्शा उपब्लध कराने कहा।

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग से उपसंचालक, उद्योग संचालनालय सुश्री मौसमी राहा ने पीपीटी प्रेजेटेशन के माध्यम से योजना की जानकारी एवं पोर्टल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना का उद्देश्य देश में विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओ की योजना, समन्वय एवं क्रियान्वयन को अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाना है। इस योजना के अंतर्गत स्टेट मास्टर प्लान एवं जिला मास्टर प्लान एवं विकसित किया गया है,जिसमें विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के डेटा को एकीकृत कर ज़ी आई एस आधारित पोर्टल पर उपलब्ध कराया गया है।प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट मास्टर प्लान का मुख्य उद्देश्य जिला स्तर पर विकास कार्यों को समेकित, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाना है। जिले स्तर पर उपलब्ध संसाधनों एवं आवश्यकताओं के आधार पर प्राथमिकता निर्धारण करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन करना है। प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल,सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं व्यापार गुनेश्वरी साहु सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हरजीत चावला को मिला महासमुंद जिले का अतिरिक्त प्रभार

**बलौदाबाजार,4 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार के न्यायिक सदस्य हरजीत सिंह चावला को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महासमुंद जिला का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर द्वारा जारी आदेश में हरजीत सिंह चावला न्यायिक सदस्य जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार-भाटापारा अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ - साथ अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक न्यायिक सदस्य जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग महासमुंद जिला का अतिरिक्त कार्य प्रभार सौंपा गया है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन अब 7 अगस्त तक

**बलौदाबाजार,4 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शैणिक सत्र 2027-28 हेतु कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई से बढ़ाकर 7 अगस्त 2026 किया गया है। पात्र व इच्छुक विद्यार्थी वेबसाईट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये परीक्षा प्रभारी पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय लवन के मोबाइल नंबर 8637253499, 99811798925 पर संपर्क किया जा सकता है।

### मुख्यमंत्री ने धरसींवा विधानसभा को दी निःशुल्क एम्बुलेंस की सौगात

**रायपुर 4 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास से धरसींवा विधानसभा क्षेत्र की जनता को निःशुल्क एम्बुलेंस की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा विधायक श्री अनुज शर्मा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में एम्बुलेंस के चालक को चाबी सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक समय पर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इसी सोच के अनुरूप प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में लोगों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सके।

मुख्यमंत्री श्री साय ने धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी मरीज के लिए उपचार के शुरुआती क्षण अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। समय पर अस्पताल पहुंचने से अनेक गंभीर परिस्थितियों में जीवन बचाया जा सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह नई एम्बुलेंस गर्भवती महिलाओं, गंभीर रूप से बीमार मरीजों, बुजुर्गों तथा सड़क दुर्घटनाओं या अन्य आकस्मिक घटनाओं में घायल लोगों को शीघ्र स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा न केवल चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाएगी, बल्कि क्षेत्रवासियों में स्वास्थ्य सुरक्षा का विश्वास भी मजबूत करेगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अस्पतालों के उन्नयन, आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता, विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति, दवाइयों की सुगम उपलब्धता और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण पहल की जा रही हैं। उनका कहना था कि स्वस्थ नागरिक ही समृद्ध समाज और विकसित राज्य की आधारशिला होते हैं, इसलिए जनस्वास्थ्य से जुड़े प्रत्येक प्रयास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इस अवसर पर धरसींवा विधानसभा के विधायक श्री अनुज शर्मा ने कहा कि क्षेत्रवासियों की लंबे समय से एक आधुनिक एम्बुलेंस की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) के माध्यम से लगभग 19 लाख 65 हजार रुपये की लागत से यह अत्याधुनिक एम्बुलेंस उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि इस सुविधा के शुरू होने से धरसींवा क्षेत्र के लोगों को आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं पहले की तुलना में अधिक तेज़ और प्रभावी ढंग से मिल सकेंगी।

### ज्ञानेश्वरी की सफलता से राज्य के युवा लेंगे प्रेरणाःअरुण साव

**रायपुर. 4 अगस्त।** उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में भारोत्तोलन में देश के लिए रजत पदक जीतने वाली राजनांदगांव की युवा खिलाड़ी सुश्री ज्ञानेश्वरी यादव को सम्मानित किया। उन्होंने नवा रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में उनके माता-पिता को भी सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव और ज्ञानेश्वरी ने इस दौरान प्रेस-कॉन्फ्रेंस को भी संबोधित किया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव श्री यशवंत कुमार, संयुक्त संचालक श्री प्रभाकर पाण्डेय और उप संचालक श्रीमती रश्मि ठाकुर सहित भारोत्तोलन संघ के पदाधिकारी एवं विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण ले रहे खिलाड़ी भी इस दौरान मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने प्रेस-कॉन्फ्रेंस में कहा कि आज ऐतिहासिक और गौरव का पल है। हम छत्तीसगढ़ और भारत की बेटी ज्ञानेश्वरी का अभिनंदन कर रहे हैं, जिन्होंने ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ और भारत का नाम रोशन किया है। ज्ञानेश्वरी की इस उपलब्धि से खेलों के लिए एक नए वातावरण की शुरुआत छत्तीसगढ़ में होगी। मैं उनके पिता श्री दीपक यादव और माता श्रीमती दुर्गा यादव का भी हार्दिक अभिनंदन करता हूं, जिन्होंने ऐसी होनहार बेटी को जन्म दिया जिन्होंने दुनिया में भारत और छत्तीसगढ़ को प्रतिष्ठा दिलाई। छत्तीसगढ़ के युवा ज्ञानेश्वरी से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, ऐसी उम्मीद है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि राज्य में हमारी सरकार बनने के बाद से हम लगातार खेल और खिलाड़ियों की तरक्की एवं बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं।

# दिव्यांगों के सम्मान और सशक्तीकरण के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध : सीएम साय

**रायपुर 4 अगस्त।** किसी भी संवेदनशील और विकसित समाज की पहचान इस बात से होती है कि वहां प्रत्येक व्यक्ति को समान अवसर, सम्मान और आगे बढ़ने का अधिकार मिले। दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनकी प्रतिभा, क्षमता तथा आत्मविश्वास को सही अवसर उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार इसी सोच के साथ दिव्यांगजनों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक अपना योगदान दे सकें।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रोजेक्ट 'सहारा' के अंतर्गत दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने दिव्यांगजनों के प्रति देश की सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने केवल कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार ही नहीं किया, बल्कि उन्हें 'दिव्यांग' कहकर सम्मान और आत्मगौरव का नया भाव भी दिया। यह परिवर्तन केवल शब्दों का नहीं, बल्कि समाज की सोच और दृष्टिकोण का परिवर्तन है। प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को आत्मसात करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार भी दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक सुगम, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर इंडोर स्टेडियम के जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण के लिए 7 करोड़ रुपये की राशि प्रदान किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि खेल अधोसंरचना का विकास केवल खिलाड़ियों के लिए ही नहीं, बल्कि ऐसे सामाजिक और जनहितकारी आयोजनों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, हियरिंग एड, कृत्रिम हाथ-पैर, वैशाखी, वॉकिंग स्टिक तथा अन्य आधुनिक सहायक उपकरण वितरित किए। उन्होंने हितग्राहियों से आत्मीय संवाद करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और कहा कि ये उपकरण केवल सहायता सामग्री नहीं हैं, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और स्वावलंबन की नई शुरुआत हैं। इनकी सहायता से दिव्यांगजन शिक्षा, रोजगार, आवागमन और दैनिक जीवन के कार्यों में अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे तथा समाज की मुख्यधारा से और अधिक मजबूती से जुड़ पाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम की शुरुआत में प्रदेशवासियों को सावन माह के प्रथम सोमवार की शुभकामनाएं देते हुए भगवान भोलेनाथ से प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और सभी नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति सेवा, करुणा और मानवता का संदेश देती है तथा समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों की सहायता करना हम सभी का दायित्व है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रायपुर जिले में विशेष अभियान चलाकर दिव्यांगजनों की व्यापक स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 1600 से अधिक दिव्यांगजनों की पहचान की गई। इस महत्वाकांक्षी पहल के लिए भारत सरकार से 3 करोड़ 58 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत पहले ही 500 से 600 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए जा चुके हैं, जबकि आज 1000 से अधिक हितग्राहियों को विभिन्न उपकरण प्रदान किए जा रहे हैं। इस प्रकार कुल 1739 दिव्यांगजन प्रोजेक्ट 'सहारा' के माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल केवल उपकरण वितरण तक सीमित नहीं है, बल्कि दिव्यांगजनों को अधिक सम्मानजनक, स्वतंत्र और आत्मनिर्भर जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के सर्वांगीण कल्याण के लिए सहायक उपकरण वितरण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, शिक्षा एवं रोजगार में आरक्षण, कौशल विकास, पुनर्वास और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। सरकार का प्रयास है कि कोई भी पात्र दिव्यांगजन शासन की सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने सभी हितग्राहियों से शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले ढाई वर्षों में मोदी की गारंटी के अधिकांश संकल्पों को धरातल पर उतारा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, रामलला दर्शन योजना तथा मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना जैसी अनेक योजनाओं ने समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रदेश की लगभग 70 लाख महिलाओं को 29 किश्तों के माध्यम से अब तक 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा चुकी है।

# पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से नारायण पटेल का घर हुआ ऊर्जा आत्मनिर्भर, पर्यावरण संरक्षण में भी निभा रहे अहम भूमिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार,4 अगस्त।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जिले के नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। ग्राम अमेरा निवासी नारायण पटेल ने वर्ष 2025 में अपने घर की छत पर सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित कर इस योजना का लाभ प्राप्त किया। नारायण पटेल ने बताया कि उन्हें इस योजना की जानकारी बैंक के माध्यम से मिली। इसके बाद उन्होंने आवेदन किया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने पर अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाया। सोलर प्लांट की स्थापना के लिए उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार से निर्धारित सब्सिडी का लाभ भी प्राप्त हुआ, जिससे स्थापना की लागत काफी कम हो गई। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल लगने से बिजली की बचत होने के साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा का उपयोग बढ़ा है।



यह पहल न केवल परिवार के लिए आर्थिक रूप से लाभदायक साबित हो रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। सौर ऊर्जा के उपयोग से प्रदूषण में कमी आती है और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। नारायण पटेल ने कहा ÷कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम लोगों के लिए बेहद लाभकारी है। इस योजना के माध्यम से मुझे अपने घर पर सोलर पैनल लगाने का अवसर मिला और सरकार से सब्सिडी का लाभ भी प्राप्त हुआ। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

### मुख्यमंत्री की संवेदनशील पहल पर मिली आर्थिक राहत

**रायपुर, 4 अगस्त।** रायपुर, 3 अगस्त। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की संवेदनशील पहल तथा नक्सल प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के तहत वन एवं बीजापुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप के निर्देश पर बीजापुर जिले के नक्सली हिंसा से प्रभावित 13 पीड़ितों के लिए पुनर्वास नीति के अंतर्गत कुल 32 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। सहायता राशि उन नागरिकों को दी जाएगी जो नक्सली हिंसा, आईईडी एवं बारूदी सुरंग विस्फोट, माओवादी हमलों या क्रॉस फायरिंग में गंभीर रूप से घायल अथवा स्थायी रूप से दिव्यांग हुए हैं। कलेक्टर श्री विश्वदीप ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत राशि डीबीटी के माध्यम से शीघ्र हितग्राहियों के बैंक खातों में जमा कराई जाए। राज्य सरकार का उद्देश्य पीड़ितों को आर्थिक संबल प्रदान कर सम्मानजनक जीवन, पुनर्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है।

# प्रेम-प्रसंग के विवाद में नवयुवक पर चाकू से हमला

**■ चाकूबाज फरार आरोपी को भिलाई से किया गया गिरफ्तार**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 4 अगस्त।** प्रेम प्रसंग विवाद को लेकर रविवार को शाम लगभग 7 बजे क्रास पहाड़ी के पास नवयुवक आर्यन तिवारी को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था जिससे नगर में हड़कंप मच गया। नगर में सप्ताह भर पहले कश्मीरी पारा में भी चाकूबाजी की घटना में खूंटापारा निवासी धन्नू की मौत का मामला शांत नहीं हुआ था कि फिर से चाकूबाजी की घटना से कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है। पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि प्रार्थी अशोक तिवारी, पिता शिव बहुर तिवारी, निवासी बुधवारी पारा, वार्ड क्रमांक 14, डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव द्वारा 03 अगस्त सोमवार को थाना डोंगरगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 02 अगस्त रविवार की शाम लगभग 07.30 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनके भतीजे आर्यन तिवारी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चाकू मार दिया है, जिसे उपचार हेतु शासकीय अस्पताल डोंगरगढ़ ले जाया गया है। अस्पताल पहुंचने पर घायल आर्यन तिवारी ने बताया कि वह अपनी लड़की मित्र के साथ 02 अगस्त की शाम लगभग 07:00 बजे क्रॉस पहाड़ी गया हुआ था। वहीं विक्रम कुल्लू ने प्रेम-प्रसंग की बात को लेकर अश्लील गालियां देते हुए उसके साथ मारपीट की तथा जान से मारने की नीयत से धारदार चाकू से उसके पेट पर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पेंड्री राजनांदगांव रेफर किया गया, जहां से स्थिति गंभीर होने पर मेकाहारा अस्पताल रायपुर रेफर किया गया, जहां उसका उपचार जारी है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध क्रमांक 430/2026 दर्ज कर धारा 296, 115(2), 109 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा आरोपी की पतासाजी की जा रही थी तो पता चला कि आरोपी चाकूबाजी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया है। जिसके बाद राजनांदगांव पुलिस साइबर टीम के सहयोग से विक्रम कुल्लू की तलाश की गई और आरोपी का भिलाई में लोकेशन मिलने के बाद पुलिस द्वारा आरोपी विक्रम कुल्लू, पिता दिलीप कुल्लू, उम्र 19 वर्ष, निवासी महावीर पारा, थाना डोंगरगढ़ हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तथा उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में ज्यु0 रिमाण्ड के लिए पेश किया जायेगा।




पुलिस ने की आम लोगों से अपीलः राजनांदगांव पुलिस द्वारा आमजनो से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कानून अपने हाथ में न लें तथा किसी भी घटना की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना अथवा डायल 112 पर दें।

# भारत रक्षा मंच महिला प्रकोष्ठ की नई टीम घोषित



**रायपुर 4 अगस्त।** भारत रक्षा मंच छत्तीसगढ़ के महिला प्रकोष्ठ रायपुर महानगर की बैठक घडी चौक मे संपन्न हुई जिसमे संगठन के मध्य क्षेत्र प्रभारी श्री एच पी शर्मा एवं प्रांतीय महामंत्री नितिन शर्मा की उपस्थिति में महानगर संगठन प्रभारी श्रीमती रेखा शर्मा ने सर्वसम्मति से श्रीमती रश्मि जैन को रायपुर महानगर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष एंव अन्नपूर्णा शर्मा को महामंत्री बनाए जाने की घोषणा की अन्य पदाधिकारीयों मे श्रीमती,,,,,,,,,, को बनाया गया बैठक को संबोधित करते हुए तिवारी जी ने संगठन के निर्माण और जरूरत के बारे मे जानकारी दी नितिन शर्मा ने संगठन की गतिविधियों के बारे मे बताया श्रीमती रेखा शर्मा ने अंत मे सभी का आभार व्यक्त करते हुए सक्रिय रूप से कार्य करने का आग्रह किया इनके अलावा बैठक मे निम्नलिखित मातृशक्तियां उपस्थित थी संगठन मंत्री सरिता शर्मा, कार्यालय प्रभारी कोमेशवरी शुक्ला, सीमा मिश्रा, हर्षिता, खुशबु शर्मा ,उपाध्यक्ष बनाये गये,अर्चना शर्मा, उषा किरण, कोषाध्यक्ष मंजूला जी को बनाया बनाया गया।

### 2% डीआरके आदेश में विलंब के विरोध में 5 अगस्त को प्रदेशभर में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टरों को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**रायपुर, 4 अगस्त।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश ने राज्य के सभी पेंशनरों से आह्वान किया है कि केंद्र सरकार द्वारा जनवरी 2026 से स्वीकृत 2त्र महंगाई राहत (डीआर) का लाभ छत्तीसगढ़ के पेंशनरों को अब तक एरियर सहित प्रदान नहीं किए जाने के विरोध में बुधवार, 5 अगस्त 2026 को प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

महासंघ के प्रांताध्यक्ष श्री वीरेन्द्र नामदेव ने बताया कि केंद्र सरकार अपने पेंशनरों को जनवरी 2026 से 2त्र महंगाई राहत का लाभ पहले ही दे चुकी है, जबकि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अभी तक इस संबंध में आदेश जारी नहीं किया गया है। इससे राज्य के लाखों पेंशनरों में निराशा और असंतोष व्याप्त है।0 उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के बीच महंगाई राहत संबंधी सहमति की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। इसलिए अब जनवरी 2026 से देय 2त्र महंगाई राहत का आदेश एरियर सहित जारी करने में कोई प्रशासनिक बाधा शेष नहीं है। ऐसे में आदेश जारी करने में हो रही देरी उचित नहीं है।

महासंघ की एक सूत्रीय मांग है कि जनवरी 2026 से देय 2त्र महंगाई राहत (डीआर) का आदेश तत्काल एरियर सहित जारी कर उसका शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री टी पी सिंह ने प्रदेश के सभी जिला, तहसील एवं विकासखंड इकाइयों के पदाधिकारियों एवं पेंशनरों से अपील की है कि वे 5 अगस्त को आयोजित ज्ञापन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पेंशनरों की इस न्यायोचित मांग को सशक्त रूप से शासन तक पहुँचाएं।

### दशम अग्र अलंकरण में 18 प्रतिभाएं होंगी सम्मानित

**रायपुर 4 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन का वार्षिक द्वि-दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन एवं दशम अग्र अलंकरण समारोहङ्क2026 आगामी 19 एवं 20 सितंबर को अंबिकापुर में भव्य, गरिमामय एवं ऐतिहासिक स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। इस विराट आयोजन का संयुक्त आतिथ्य अग्रवाल सभा अंबिकापुर एवं सरगुजा संभागीय अग्रवाल महासभा द्वारा किया जाएगा। आयोजन में प्रदेशभर से लगभग 500 से अधिक प्रतिनिधियों, विभिन्न अग्रवाल सभाओं के अध्यक्ष,



महामंत्री, महिला एवं युवा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, समाज के वरिष्ठजनों एवं प्रबुद्ध नागरिकों की सहभागिता प्रस्तावित है। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 सितंबर को आयोजित होने वाला प्रांतीय अधिवेशन केवल एक औपचारिक बैठक नहीं, बल्कि पूरे अग्रवाल समाज का 卐विचार महाकुंभ होगा। इस अवसर पर संगठन की भावी कार्ययोजना, समाज की वर्तमान चुनौतियाँ, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सेवा प्रकल्प, संगठन विस्तार, महिला सशक्तिकरण, युवा नेतृत्व, सामाजिक समरसता एवं समाज के सर्वांगीण विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श एवं मंथन किया जाएगा। साथ ही समाजहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय एवं प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।डॉ. अग्रवाल ने कहा कि सरगुजा अंचल में इस अधिवेशन के आयोजन से प्रदेशभर के समाजबंधुओं के बीच आत्मीयता और आपसी विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा। पारिवारिक, सामाजिक एवं व्यावसायिक संबंधों को नई मजबूती मिलेगी तथा समाज की सांस्कृतिक चेतना एवं संगठनात्मक एकता को नई दिशा प्राप्त होगी। अधिवेशन का सबसे आकर्षक एवं बहुप्रतीक्षित आयोजन 20 सितंबर को आयोजित होने वाला दशम अग्र अलंकरण समारोह होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से 18 अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित करने वाले अग्रबंधुओं को मंचासीन अतिथियों के कर-कमलों से सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाली विभूतियों को उनकी उपलब्धियों के अनुरूप 卐अग्र भूषण卐, 卐अग्र शिरोमणि卐 एवं 卐अग्र गौरव卐 जैसी प्रतिष्ठित उपाधियों से अलंकृत किया जाएगा। प्रत्येक सम्मानित प्रतिभा को ?11,000 की सम्मान राशि, प्रशस्ति-पत्र एवं आकर्षक स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित सम्मान समाज सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग-व्यापार, प्रशासन, साहित्य, संस्कृति, खेल, महिला सशक्तिकरण, युवा नेतृत्व सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाज के प्रेरणास्रोत व्यक्तित्वों को समर्पित रहेगा। समिति को सम्मान चयन प्रक्रिया, अतिथि समन्वय, मंच संचालन, सम्मान समारोह के सफल आयोजन तथा संपूर्ण व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयोजकों ने प्रदेशभर के अग्रवाल समाज से परिवार सहित इस ऐतिहासिक आयोजन में सहभागिता का आग्रह करते हुए कहा कि अंबिकापुर में आयोजित यह अधिवेशन संगठन की भावी दिशा तय करने, समाज की एकता को और अधिक मजबूत बनाने, सेवा गतिविधियों को नई गति देने तथा समाज की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित कर नई पीढ़ी को प्रेरित करने वाला एक ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय आयोजन सिद्ध होगा।

## एक करे तो दूसरा पीछे कैसे रह सकता है

जब किसी क्षेत्र में दो लोगों के बीच होड़ लगी रहती है कुछ भी कहने और कुछ भी करने की तो एक कुछ कहता है या करता है तो दूसरे लिए वैसा कहना और करना जरूरी हो जाता है। जब तक वह ऐसा नहीं करता है वह खुद को होड़ में पिछड़ा हुआ समझता है। इसलिए बराबरी में आने के लिए वह कोई चर्चित मुद्दा तलाश करता है, ऐसे मुद्दे तलाश करता है जिससे ऐसा लगे उसे देश व देश के लोगों की बड़ी परवाह है। वह देश के लोग जितने परेशान हैं,उससे ज्यादा वह परेशान है। वह देश के लिए बहुत कुछ करना चाहता है लेकिन देश के लोग उसे करने के लिए सत्ता में नहीं ला रहे हैं। इसके लिए वह सत्तारूढ़ दल की सरकार की हर तरह से आलोचना करता है। जनता की हर समस्या व हर तकलीफ के लिए उसे ही दोषी बताता है।देश में ऐसे दो नेता हैं। एक हैं अरविंद केजरीवाल और दूसरे राहुल गांधी। दोनों के बीच खुद को बड़ा नेता साबित करने की होड़ लगी रहती है। दिल्ली चुनाव हारने के बाद केजरीवाल राजनीति के मुख्य धारा से कट गए थे अब वह फिर से मुख्य धारा में आने और खुद को राहुल गांधी से बड़ा नेता साबित करने का प्रयास कर रहे हैं। राम लला के दर्शन के मामले में वह खुद को और अपनी पार्टी को सनातनी बता चुके हैं और कांग्रेस सहित विपक्ष को सनातन का विरोधी बता चुके हैं। विपक्ष के तमाम बड़े नेताओं के चुनाव हार जाने के बाद राहुल गांधी का राजनीतिक कद बढ़ा है और वह विपक्ष के एकमात्र नेता खुद को समझते हैं और कांग्रेस भी ऐसा समझती है और दिल्ली में संसद सत्र के दौरान विपक्ष के पास कोई दूसरा नेता नहीं होने के कारण वह मजबूरी में मानते हैं कि राहुल गांधी हमारे नेता हैं। राहुल गांधी भी जब भी मौका मिलता है तो वह यह बताने का प्रयास जरूर करते हैं कि मोदी को टक्कर देने वाले वही एक नेता हैं।वही मोदी का विकल्प हैं, जो काम कोई नहीं कर सकता वह काम वह कर सकते हैं।सीजेपी ने युवाओं के लिए दिल्ली में अनशन व आंदोलन किया तो राहुल गांधी को ऐसा लगा कि वह युवाओ की नेतृत्व के मामले में पीछे छूट रहे हैं तो उन्होंने अचानक फैसला किया कि वह भी शिक्षामंत्री के इस्तीफे के लिए पीएम आवास के सामने धरना देंगे और कांग्रेस नेताओं व अखिलेश यादव के साथ उन्होंने धरना भी दिया और सब नेताओं की गिरफ्तारी भी हुई। इससे पूरे देश में माहौल बना कि राहुल गांधी युवाओं के सबसे बड़े नेता हैं, वह युवाओं के हित में काम कर रहे हैं। आज तक पीएमआवास के सामने किसी राजनीतिक दल ने कोई धरना नहीं दिया था क्योंकि यह पीएम की सुरक्षा का मामला होता है लेकिन राहुल गांधी तो राहुल गांधी हैं वह चर्चा व खबरों में बने रहने के लिए आए दिन संसद के बाहर व भीतर ऐसा ही कुछ कहते रहते हैं,करते रहते हैं। अब राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने पीएम आवास के सामने धरना दे दिया तो आप के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के लिए भी ऐसा करना जरूरी हो गया है क्योंकि राहुल गांधी ने पीएम आवास के सामने धरना देकर केजरीवाल से आगे हो गए हैं, केजरीवाल से बड़े नेता हो गए हैं। केजरीवाल युवाओं के मुद्दे पर ऐसा कर नहीं सकते क्योंकि यह मुद्दा पुराना हो गया है, इसकी चर्चा भी कम हो गई है। इसलिए उन्होंने एथेनाल के मुद्दे पर पीएम आवास तक इसी माह मार्च करने की घोषणा की है।उन्होंने दो लाख लोगों की आनलाइन हस्ताक्षर वाली याचिका सौंपने की घोषणा भी की है।इससे पहले उन्होंने यह मांग की थी कि देश के पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों को शुध्द पेट्रोल और ई-२० के बीच का विकल्प दिया जाए।अगर चार अगस्त तक ऐसा नहीं किया गया तो वह पीएम आवास तक मार्च करेंगे।यानी उन्होंने पहले की यह कारण बता दिया है कि वह पीएम आवास तक मार्च करेंगे तो क्यों करेंगे। उनके साथ वही लोग जाएंगे जो जेल जाने से नहीं डरते।केजरीवाल जानते है कि इथेनाल को लेकर देश के लोगों में गुस्सा है। क्योंकि गाड़ी के कुछ पार्टस पर उसका बुरा असर पड़ता है।केजरीवाल सोचते हैं कि वह इथेनाल के मुद्दे को उठाकर लोगों का प्रभावित कर सकता हूं। राहुल गांधी को पीछे छोड़ सकता हूं।यही वजह है कि वह देश के सबसे चर्चित इथेनाल के मुद्दे को लेकर खुद को राहुल गांधी से बड़ा नेता व प्रभावी नेता दिखाना चाहते हैं। राहुल गांधी की सोच व केजरीवाल की सोच में ज्यादा अंतर नहीं है।वह खुद को पीएम मोदी से बेहतर नेता मानते हैं लेकिन देश की जनता ऐसा नहीं मानती हैं। इसकी वजह यह है कि इनको शासन करने का मौका मिला तो वह सब नही कर सके जो सत्ता से बाहर हो जाने पर करने की बात करते हैं।जब भी सत्ता से बाहर हो जाते हैं तो वह खुद को मोदी से बेहतर सोचने वाला व काम करने वाला बताने का प्रयास करते हैं और जनता जो पीएम मोदी को पिछले १२ सालों से काम करते देख रही है,वह जानती है कि पीएमम मोदी चाहे राहुल गांधी हो या केजरीवाल हो दोनों से कई गुना बेहतर नेता हैं,ईमानदार नेता है,काम करने वाले नेता हैं, जनता के हित की चिंता करने वाले नेता हैं। उनकी खासियत यह है कि वह कुछ भी करते हैं तो वह शुरू में भले विवाद हो कि सरकार यह गलत कर रही है लेकिन बाद में पीएम मोदी साबित कर देते हैं कि वह जो कुछ भी करते हैं, वह देश व जनता के भले के लिए करते हैं। चाहे वह नीट पेपर लीक का मामला है या इथेनाल का मामला हो। इथेनाल के मामले में भी विपक्ष ने खूब हल्ला किया लेकिन अब जब यह बताया गया है कि इथेनाल को पेट्रोल में मिलाने की जरूरत क्यों पड़ी तो साफ हो जाता है कि ऐसा नहीं किया जाता तो देश के लोगों का कितनी परेशानी होती, देश को आर्थिक रूप से कितना नुकसान होता।पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार जब पं.एशिया संकट के दौरान भारतीय क्रूड बास्केट की कीमत १३५ डालर प्रति बैरल पहुंच गई थी तो अनुमान लगाया गया था कि एथेनाल के बिना पेट्रोल बेचा जाता तो वह दिल्ली में १२५ रुपए प्रति लीटर होता। लेकिन सरकार ने इथेनाल मिला पेट्रोल बेचकर कर देश में पेट्रोल की कीमत को ९४.७७ रुपए पर बनाए रखा।इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है।इथेनाल बनाने के किसानों को फायदा होता है। सरकार को विदेशी मुद्रा की बचत होती है। एक अनुमान के मुताबिक इथेनाल वाले पेट्रोल के कारण भारत को १.९७ लाख करोड़ रुपए की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है और ९५० लाख मीट्रिक टन से अधिक कार्बन डाईआक्साइड का उत्सर्जन कम हुआ है।शुरू में विपक्ष के हल्ले के कारण लोगों में कुछ दिनों तक चाहे नीट पेपर लीक हो या इथेनाल हो गुस्सा रहता है लेकिन सरकार ऐसा कुछ करती है कि लोगों को लगता है कि सरकार ने जो किया ठीक किया,देश के लिए किया, जनता के लिए किया।

**50वीं पुण्यतिथि-4 अगस्त पर विशेष**

# निस्पृहसंत यतियतनलालजी महाराज

भारतीय अध्यात्म, लोकमंगल और राष्ट्रधर्म की गौरवशाली परंपरा में कुछ विरल विभूतियाँ ऐसी होती हैं, जिनका जीवन केवल व्यक्तिगत तप. साधना और संयम की कथा नहीं होता, बल्कि वह समूचे समाज के लिए एक जाग्रत प्रेरणा-स्रोत बन जाता है। यतिवर्य श्री यतनलाल जी महाराज साहब ऐसी ही एक विलक्षण, वंदनीय और युगप्रेरक विभूति थे एक ओर जिनका अंतर्मन जैन साधना, गुरु-निष्ठा, करुणा और आत्मानुशासन से दीप्त था, तो दूसरी ओर जिनका बाह्य जीवन राष्ट्रसेवा, जनजागरण, जीवदया, सामाजिक समरसता और निस्पृह लोकमंगल के सतत संकल्प से अनुप्राणित था।



**एक संत, जिन्होंने स्वयं को नहीं, समाज को जिया**-धनतेरस के शुभ दिन, सन् 1894 में राजस्थान के बीकानेर में जन्मे इस बालक का जीवन सामान्य नहीं था। मात्र सात माह की अवस्था में उन्हें पूज्य उपाध्याय श्री विवेकवर्धन जी महाराज को समर्पित कर दिया गया। शायद किसी ने उस समय भी उस मासूम बालक के तेजस्वी मुखमंडल में भविष्य के एक महान संत की झलक देख ली थी। उपाध्याय श्री ने उस शिशु को केवल स्वीकार ही नहीं किया. बल्कि उसे अपने आध्यात्मिक उत्तराधिकारी के समान स्नेह दिया।

रायपुर आगमन के बाद उनके पालन-पोषण की जिम्मेदारी जैन समाज की माताओं ने संभाली। अनेक माताओं के स्नेह, संस्कार और वात्सल्य की छाया में में वह बालक बड़ा हुआ। बीस वर्ष की आयु में उन्होंने जैन परंपरा के अनुसार दीक्षा ग्रहण की और यहीं से प्रारंभ हुआ एक ऐसा जीवन, जो तप, त्याग, सेवा और राष्ट्रभक्ति का पर्याय बन गया। यति श्री केवल धार्मिक संत नहीं थे। संस्कृत, इतिहास, गीता और जैन दर्शन पर उनका गहरा अधिकार था। वे जहाँ भी जाते, लोगों को केवल पूजा-पाठ नहीं सिखाते, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने का मार्ग दिखाते। उनके प्रवचनों में धर्म केवल मंदिर तक सीमित नहीं रहता थाः वह मनुष्य के व्यवहार, करुणा, सेवा और कर्तव्य में दिखाई देता था।

**जब संत ने आज़ादी की लड़ाई चुनी**-सामान्यतः संत संसार से विरक्ति का मार्ग चुनते हैं, लेकिन यति श्री ने देश की पीड़ा को अपनी पीड़ा माना। मात्र चौबीस वर्ष की आयु में उन्होंने महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भाग लेना प्रारंभ किया। वे कांग्रेस के सदस्य बने और पं. रविशंकर शुक्ल, पं. सुंदरलाल शर्मा, ठाकुर प्यारेलाल सिंह, महंत लक्ष्मीनारायण दास, नंदकुमार दानी, बामनराव लाखे सहित अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया। नमक सत्याग्रह हो, सविनय अवज्ञा आंदोलन, विदेशी वस्त्र बहिष्कार, जंगल सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन अथवा जेल भरो आंदोलन यति श्री हर मोर्चे पर अग्रिम पंक्ति में दिखाई देते थे। इस संघर्ष के कारण उन्हें पाँच बार जेल जाना पड़ा और लगभग सात वर्ष का कारावास भी भोगना पड़ा।

**एक दूरदर्शी विचार जिसने इतिहास बदल दिया**-बहुत कम लोग जानते हैं कि पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की औपचारिक मांग रखने वाले प्रथम व्यक्तियों में पूज्य यति यतन लाल जी का का नाम आता नाता है। 9 अक्टूबर 1924 को रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में उन्होंने पृथक छत्तीसगढ़ की मांग रखी थी। उस समय उनका प्रस्ताव स्वीकार नहीं हुआ, लेकिन लगभग पचहत्तर वर्षों बाद, 1 नवम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य का गठन हुआ। इतिहास ने उस दिन सिद्ध कर दिया कि सच्चे दूरदर्शी व्यक्ति अपने समय से बहुत आगे सोचते हैं।

**जहाँ सब पीछे हट गए, वहाँ यति श्री आगे बढ़े**-सन् 1934 में जब रायपुर जिले के अनेक गाँव हैजा महामारी से जूझ रहे थे, लोग अपने बीमार परिजनों तक को छोड़कर गाँवों से भाग रहे थे। भय इतना था कि कोई किसी के पास जाने का साहस नहीं करता था।

**ऐसे समय में यति श्री अकेले उन गाँवों में पहुँचे।**-उन्होंने रोगियों की सेवा की, उनके लिए भोजन और दवा की व्यवस्था की, उनका मनोबल बढ़ाया और अनेक लोगों का जीवन बचाने का प्रयास किया। विरोध भी सहा, लेकिन सेवा का मार्ग नहीं छोड़ा। उनके लिए मानवता सबसे बड़ा धर्म थी।

**सम्मान नहीं, सेवा चाहिए थी**-आज अधिकांश लोग सेवा के बाद सम्मान चाहते हैं, पर यति श्री ने सम्मान मिलने पर भी उसे स्वीकार नहीं किया।

सन् 1952 और 1957 में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने दोनों बार विनम्रतापूर्वक अस्वीकार कर दिया।

स्वतंत्रता की रजत जयंती पर जब तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने उन्हें सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया, तो उन्होंने उत्तर लिखा

"भारत स्वतंत्र हुआ, यही मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान है।"

स्वतंत्रता सेनानी पेंशन के विषय में भी उनका मत स्पष्ट था

"सेवा का पुरस्कार या प्रशंसा प्राप्त करना संतों के मार्ग के अनुरूप नहीं है।"

**एक आश्रम नहीं, सेवा का आंदोलन**-अपने पूज्य गुरु श्री विवेकवर्धन जी की प्रेरणा से सन् 1940 में उन्होंने महासमुंद में श्री विवेक वर्धन सेवा आश्रम की स्थापना की।

यह केवल एक आश्रम नहीं था; यह शिक्षा, चिकित्सा, पुस्तकालय, आध्यात्मिक जागरण और जनसेवा का केंद्र बन गया।

1941 में पं. रविशंकर शुक्ल ने इसका उद्घाटन किया। आगे चलकर यहाँ देश के महान संत आचार्य विनोबा भावे, संत तुकडोजी महाराज सहित अनेक विभूतियों का आगमन हुआ। वर्षों से यह आश्रम निस्वार्थ सेवा की उसी परंपरा को आगे बढ़ा रहा है।

**अंतिम इच्छा भी समाज के लिए**-यति श्री का सपना था कि आश्रम परिसर में ऐसा अस्पताल बने जहाँ निर्धन और जरूरतमंद लोगों को सम्मानपूर्वक उपचार मिल सके। यति जी के इच्छा अनुरूप, आश्रम परिसर में ट्रस्ट द्वारा सन् 1976 में यति यतन लाल जैन अस्पताल की स्थापना कर उनके इस स्वप्न को साकार किया गया। उद्घाटन के अवसर पर तत्कालीन मुख्यमंत्री पं. श्यामाचरण शुक्ल ने कहा-"यहाँ आकर यति श्री के दर्शन करना एक तीर्थयात्रा के समान है।"

**आज भी जीवित है उनकी प्रेरणा**-यति श्री ने कभी अपने लिए कुछ नहीं माँगा। उन्होंने केवल समाज को दिया- धर्म, सेवा, स्वतंत्रता, करुणा और मानवता का संदेश।

इसी अमूल्य योगदान के सम्मान में छत्तीसगढ़ शासन ने उनके नाम पर "यति यतनलाल अहिंसा पुरस्कार" प्रारंभ किया, जो प्रतिवर्ष अहिंसा और मानव सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति या संस्था को प्रदान किया जाता है।

यति यतन लाल जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि महानता पद, प्रतिष्ठा या प्रसिद्धि से नहीं, बल्कि उस सेवा से मापी जाती है जो बिना किसी अपेक्षा के समाज के लिए की जाए।

वे केवल एक संत नहीं थे वे एक विचार थे।

वे केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे वे समाज की अंतरात्मा थे।और वे केवल इतिहास का अध्याय नहीं- आज भी सेवा, त्याग और मानवता की जीवंत प्रेरणा हैं। हम सब ऐसे निस्पृह संत एवं शांत मूर्ति श्री यति यतनलाल जी म. सा. के चरणों में बारम्बर नमन करते है।

**श्री विवेक वर्धन सेवा आश्रम ट्रस्ट महासमुन्द (छत्तीसगढ़)**

मेष राशि आज का दिन आपके लिए खुशियों और नई उम्मीदों से भरा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में प्रेम और आपसी समझ बढ़ेगी, जिससे घर का माहौल सुखद बना रहेगा। यदि परिवार में कोई पुराना विवाद चल रहा था, तो वह आपकी समझदारी से सुलझ सकता है। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें और जल्दबाजी से बचें।

वृषभ राशि आज आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर विशेष नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। बेवजह के विवादों से दूरी बनाए रखें और आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम उठाएं। कार्यक्षेत्र में कोई व्यक्ति आपको भ्रमित करने की कोशिश कर सकता है, इसलिए सतर्क रहें। पुराने कर्ज को चुकाने की दिशा में प्रयास सफल हो सकते हैं।

मिथुन राशि आज का दिन करियर के लिहाज से आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है। आपकी मेहनत रंग लाएगी और कार्यक्षेत्र में आपको सराहना मिल सकती है। सरकारी कार्यों में थोड़ी सावधानी और समझदारी से काम लेना होगा। शौक और मनोरंजन पर खर्च बढ़ सकता है.

कर्क राशि आज आपको भावनाओं के बजाय समझदारी से निर्णय लेने की आवश्यकता है। जल्दबाजी या भावुक होकर लिया गया फैसला परेशानी बढ़ा सकता है। खर्चों पर नियंत्रण रखें और अनावश्यक खर्च से बचें। दूसरों की कमियां निकालने से रिश्तों में दूरी आ सकती है।

सिंह राशि आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा और लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। व्यापार में लाभ मिलने के संकेत हैं और जीवनसाथी का पूरा सहयोग प्राप्त होगा। यदि आप नौकरी बदलने का विचार कर रहे हैं, तो बेहतर अवसर और पदोन्नति के योग बन सकते हैं।

कन्या राशि आज का दिन आपको सतर्क रहने की सलाह दे रहा है। कुछ लोग आपके खिलाफ योजना बना सकते हैं, इसलिए किसी पर भी आंख बंद करके भरोसा न करें। पुराने कर्ज को लेकर चिंता बनी रह सकती है। लापरवाही से नुकसान होने की संभावना है, इसलिए हर काम सोच-समझकर करें।

तुला राशि आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा और करियर में अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आप ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रहेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से लंबे समय से रुका हुआ कोई महत्वपूर्ण कार्य पूरा हो सकता है। किसी प्रिय व्यक्ति से मुलाकात आपके चेहरे पर मुस्कान ले आएगी।

वृश्चिक राशि आज आपको सबसे पहले अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए आप नए प्रयास करेंगे और आय के अतिरिक्त स्रोत भी बन सकते हैं। परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, लेकिन आप उन्हें अच्छी तरह निभाने में सफल रहेंगे।

धनु राशि आज का दिन आपके लिए खुशियों और शुभ समाचारों से भरा रहने वाला है। एक के बाद एक सकारात्मक समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती है। आप किसी जरूरतमंद की सहायता करेंगे, जिससे मानसिक संतोष मिलेगा। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और आय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

मकर राशि आज का दिन संतुलित और लाभदायक रहेगा। आय में वृद्धि होने से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में पूरी एकाग्रता के साथ काम करें, क्योंकि आपकी मेहनत की सराहना हो सकती है। प्रॉपर्टी या नया वाहन खरीदने की योजना बन सकती है। परिवार में एकता बनी रहेगी और किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा दूर हो सकती है।

कुंभ राशि आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत लेकर आया है। भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा और किसी दूर रहने वाले प्रियजन की याद मन को भावुक कर सकती है। बच्चों के साथ समय बिताकर आपको खुशी मिलेगी। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। जीवनसाथी की ओर से कोई सुखद सरप्राइज मिल सकता है। नए कार्यों की शुरुआत करने का उत्साह भी बना रहेगा।

मीन राशि आज आपको हर काम सोच-समझकर करने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में पूरा ध्यान रखें, क्योंकि लापरवाही से आर्थिक नुकसान हो सकता है। बड़े जोखिम लेने से बचें और साझेदारी में बिना जांच-पड़ताल के निर्णय न लें। आपकी मधुर वाणी कई समस्याओं का समाधान कर सकती है। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी रह सकती है और डॉक्टर से सलाह लेनी पड़ सकती है।


# आस्था का आलोक, विकास का संकल्प : रुद्रेश्वर धाम से उभरती धमतरी की नई पहचान

**एस.आर.पाराशर, उप संचालक**

सावन माह के प्रथम सोमवार 3 अगस्त को रुद्री स्थित प्राचीन रुद्रेश्वर महादेव मंदिर के समक्ष पहली बार चित्रोत्पला महानदी के पावन तट पर पहली बार बनारस की तर्ज पर भव्य महानदी गंगा आरती का आयोजन हुआ। अब सावन के प्रत्येक सोमवार को महानदी गंगा आरती होगी । धमतरी युवा ब्रिगेड एवं श्री रुद्रेश्वर महादेव परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अलौकिक आयोजन ने केवल एक धार्मिक परंपरा की शुरुआत नहीं की, बल्कि धमतरी की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक विरासत और पर्यटन संभावनाओं को भी नई दिशा प्रदान की। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति, 108 दीपों से सजी महाआरती, वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और घंटियों की गूंज के बीच महानदी का तट दिव्य आभा से आलोकित हो उठा। दीपों की स्वर्णिम छटा और महानदी की शांत लहरों ने ऐसा अद्भुत वातावरण निर्मित किया कि उपस्थित श्रद्धालुओं को काशी के घाटों का सजीव अनुभव हुआ।

रुद्रेश्वर घाट को आकर्षक विद्युत सज्जा, दीपों की श्रृंखलाओं और रंग-बिरंगी रोशनी से सुसज्जित किया गया था। संध्या होते ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब घाट की ओर उमड़ पड़ा। हर-हर महादेव और जय मां महानदी के उद्घोषों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। महाआरती से पूर्व विद्याकुंज स्कूल के विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम, भगवान शिव एवं भगवान जगन्नाथ की स्तुति में मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती सम्पन्न हुई तथा वैदिक रीति से चित्रोत्पला महानदी की गंगा आरती संपन्न कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की मंगलकामना की गई। आरती के उपरांत श्रद्धालुओं पर पवित्र जल का छिड़काव तथा महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर धमतरी विधायक श्री ओंकार साहू, महापौर श्री जगदीश रामू रोहरा, कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने महानदी की अविरल धारा, प्रकृति संरक्षण तथा सामाजिक सद्भाव की कामना करते हुए इस आयोजन को जनआस्था का ऐतिहासिक पर्व बताया।



यह आयोजन ऐसे समय हुआ है जब राज्य शासन द्वारा रुद्रेश्वर महादेव मंदिर परिसर के समग्र विकास की लगभग 20 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना तैयार की गई है। संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के माध्यम से प्रस्तावित इस परियोजना के अंतर्गत मंदिर परिसर का विकास धार्मिक गरिमा, सांस्कृतिक संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं के संतुलित समन्वय के साथ किया जाएगा। तीन चरणों में विकसित होने वाली इस योजना में पारंपरिक भारतीय मंदिर स्थापत्य शैली को संरक्षित रखते हुए मुख्य प्रवेश द्वार, शिखर, दीप स्तंभ, नंदी प्रतिमा, तोरण, सौंदर्यीकरण एवं श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित अधोसंरचना विकसित की जाएगी। परिसर में चौड़े पैदल मार्ग, विश्राम स्थल, प्रसाद एवं स्मृति केंद्र, फूड कोर्ट, डिजिटल सूचना प्रणाली, स्वास्थ्य केंद्र, एआई आधारित हेल्थ चेकअप कियोस्क, स्वच्छ शौचालय, दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएँ, सुरक्षित घाट, रेलिंगयुक्त विसर्जन कुंड तथा बैठने की समुचित व्यवस्था विकसित की जाएगी। साथ ही उद्यान, सांस्कृतिक मंडप, रिवर फ्रंट कॉटेज, ओपन एयर स्टेज तथा भविष्य की मेरीन ड्राइव जैसी अवधारणाएँ रुद्रेश्वर धाम को धार्मिक पर्यटन के एक आधुनिक केंद्र के रूप में स्थापित करेंगी। पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए सौर ऊर्जा आधारित पार्किंग, ईवी चार्जिंग स्टेशन, वर्षा जल संचयन, हरित क्षेत्र विस्तार एवं वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन जैसी व्यवस्थाएँ भी इस परियोजना का हिस्सा होंगी। महानदी गंगा आरती की शुभ शुरुआत और रुद्रेश्वर धाम के प्रस्तावित समग्र विकास की परिकल्पना मिलकर धमतरी के लिए एक नए युग का संकेत हैं। यह केवल धार्मिक आयोजन या अधोसंरचना विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि स्थानीय संस्कृति, पर्यटन, रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और जनसहभागिता को एक सूत्र में पिरोने का सशक्त प्रयास है। आने वाले वर्षों में रुद्रेश्वर धाम श्रद्धा, संस्कृति और सतत विकास का ऐसा प्रेरक केंद्र बनेगा, जो धमतरी की पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई प्रतिष्ठा प्रदान करेगा।

**(व्यंग्य लेख)**

# जोमैटो जिंदाबाद

**सुनील पांडे,मो. 9425511669**

जोमैटो का नाम लेते ही मुंह में पानी आ जाता है। जीभ बाहर-अंदर होने लगती है मानों ऑर्डर करने वाला, घर से बाहर देख रहा हो कि डिलीवरी बॉय आया क्या? मोबाइल पर जैसे ही ऑर्डर कंफर्म की ट्यून बजती है दिल की धड़कनें तेज हो जाती है। कसम से वह लाल शर्ट वाला डिलीवरी बॉय जब दरवाजे पर आता है तो उससे ऐसा अपनापन महसूस होता है जैसे घर का सदस्य हो। खाना-नाश्ता अभी आया भी नहीं होता और नाक तक उसकी खुशबू पहुंच जाती है। डिलीवरी बॉय से बस एक शिकायत है, भाई, खाना देकर चुपचाप चले जाते हो। अगर परोस भी देते तो क्या बिगड़ जाता, यह तो सरासर आधी सर्विस हुई।



पहले घर में मेहमान आते थे तो कड़ाही चढ़ जाती थी। भजिए, पकोड़े हलवा या चाय के साथ अपनापन भी परोसा जाता था। भजियों की खुशबू उठती थी तो मेहमान का आधा पेट आदर सम्मान से ही भर जाता था। अब जिसके घर जाते हैं वह पूछता है, क्या खाएंगे? मेहमान फूले नहीं समाता कि 'वाह' आज तो कुछ गरम, कुछ ताजा, कुछ घर का मिलने वाला है। अगले पल मेजबान मोबाइल निकालकर उंगलियां स्क्रीन पर नचाता है, जोमैटो खोलूं या स्विगी? अब घर की रसोई से ज्यादा भरोसा ऐप की रेटिंग पर है। रिश्तों की गर्माहट पांच सितारा रिव्यू में बदल गई है।घर में 'जोमैटो' का आना-जाना बढ़ गया है, बड़े-बुजुर्गों की चिंता भी बढ़ गई है। पुराने लोग हैं उनकी अपनी सोच है। क्योंकि एक समय था घर में माँ दिन भर किचन में खप जाती थी मगर स्वाद और सेहत से रत्ती भर समझौता नहीं करती थीं, जिसके चलते उसकी मानसिक पहुंच पूरे परिवार तक होती थी। चूल्हे में रोटियां के साथ-साथ प्यार भी सिंकता था। मां की आवाज पूरे घर में गूंजती थी, सब खाना खाने आ जाओ। अब एक नया फैशन चल पड़ा है कुक रखने का। इसमें कोई बुराई नहीं, लेकिन जब रसोई से अपनापन आउटसोर्स होने लगे तब थोड़ा सोचना तो बनता है। इससे और पहले, सांझा चूल्हा होता था। बच्चा कहां खा रहा है, कहां खेल रहा है और कहां सो गया, पता ही नहीं चलता था। संयुक्त परिवार उसकी परवरिश करता था। अब तो आदमी अपने ही बच्चे को पाल ले तो बहुत है। कहीं न कहीं इस काम के प्रति, रसोई के प्रति श्रद्धा और सम्मान में कमी आई है। ज्यादा अच्छा हो, सरकार को नियम बना देना चाहिए कि हर होटल और फूड ऐप पर बड़े अक्षरों में लिखा जाए- घर का सादा खाना स्वास्थ्य के लिए उत्तम है। जैसे बच्चे के दूध के डिब्बे पर लिखा रहता है मां का दूध श्रेष्ठ है। बताने की जरूरत नहीं, होटल अब उद्योग का रूप धारण कर रहा है, इसमें कोई बुराई भी नहीं। लेकिन जिस दिन घर की रसोई संग्रहालय की वस्तु बन गई, उस दिन बच्चों को किताबों में पढ़ाना पड़ेगा कि कभी एक जगह ऐसी भी होती थी जहां बिना ओटीपी बताए खाना मिल जाता था। विदेश में तो हाल और भी दिलचस्प है। एक बार सिंगापुर में ड्राइवर से हमने पूछ लिया, भैया घर में चूल्हा भी होता है? वह बोला, हम पति-पत्नी दोनों नौकरी करते हैं। दिन का खाना अलग-अलग काम की जगह पर बाहर खाते हैं।

शाम को छुटटी होने पर अलग-अलग बाहर से खाकर आते हैं। हमने पूछ लिया, रविवार को कैसे करते हैं? वो बोले, दोनों एक साथ बाहर जाकर खाते हैं। इस पूरी कहानी का सबसे बड़ा नायक वह डिलीवरी बॉय है, जो चाहे झुलसाती धूप हो, कड़कड़ाती ठंड हो या घुटनों तक भरा सावन का पानी, वो वक्त पर, हमारी खुशियों की डिलीवरी देने, सड़कों पर अपनी जान हथेली पर लिए भागता रहता है। हर मौसम और हमारी अधीरता को हराकर समय पर खाना पहुंचाता है। हम पांच मिनट देर होने पर नाराज हो जाते हैं, लेकिन वह दिन-रात हमारी भूख की आपातकालीन सेवा में लगा रहता है। इसलिए अगली बार डिलीवरी बॉय से खाना लेते समय मुस्कुरा दीजिए, धन्यवाद कह दीजिए, और हो सके तो थोड़ा-सा टिप भी दे दीजिए। आखिर जो आदमी हमारी भूख को समय पर मिटा देता है, वह केवल डिलीवरी बॉय नहीं, आधुनिक युग का अन्नदूत है। जय हो जोमैटो... जिंदाबाद।

### राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान पर उठे सवाल

# विधायक बंगले के सामने वन विभाग कार्यालय के मुख्य गेट पर तिरंगे की खराब हालत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा,4 अगस्त।** देश की आन-बान-शान और गौरव के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की गरिमा को लेकर दंतेवाड़ा में लापरवाही का मामला सामने आया है। जिला मुख्यालय में विधायक बंगले के सामने स्थित छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, वन परिक्षेत्र कार्यालय दंतेवाड़ा (सा.), दंतेवाड़ा वन मंडल के मुख्य प्रवेश द्वार के दोनों ओर लगे पिलरों पर तिरंगे खराब अवस्था में नजर आए।

मौके पर देखा गया कि कार्यालय के मुख्य गेट के दोनों तरफ लगाए गए दोनों तिरंगों की स्थिति सम्मानजनक नहीं थी। एक तिरंगा नीचे की ओर झुका हुआ लटक रहा था, जबकि दूसरा तिरंगा भी मौसम की मार से फीका पड़ चुका था और कपड़े की स्थिति खराब दिखाई दे रही थी। राष्ट्रीय ध्वज की ऐसी स्थिति कई सवाल खड़े करती है।

यह स्थिति उस कार्यालय के मुख्य द्वार की है, जहां प्रतिदिन अधिकारी-कर्मचारियों का आना-जाना होता है। इतना ही नहीं, यह वन विभाग का महत्वपूर्ण कार्यालय विधायक बंगले के ठीक सामने स्थित है। ऐसे में सवाल उठता है कि यहां से गुजरने वाले अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों की नजर इस ओर क्यों नहीं पड़ी क्या जिम्मेदारों ने राष्ट्रीय ध्वज की स्थिति को नजरअंदाज किया या फिर लंबे समय तक इस ओर ध्यान ही नहीं दिया गया? देश के सम्मान और स्वाभिमान से जुड़े तिरंगे की देखरेख में ऐसी लापरवाही चिंता का विषय है।इस संबंध में जब वन विभाग के रेंजर से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि यह जानबूझकर की गई गलती नहीं है। उनकी जॉइनिंग अप्रैल माह में हुई है और संभवतः यह स्थिति पहले से बनी हुई थी।राष्ट्रीय ध्वज संहिता के अनुसार तिरंगे को हमेशा सम्मानजनक स्थिति में प्रदर्शित किया जाना चाहिए। फटे, गंदे, क्षतिग्रस्त या खराब स्थिति वाले ध्वज को प्रदर्शित नहीं किया जाना चाहिए।अब सवाल यह है कि देश के गौरव के प्रतीक तिरंगे की ऐसी स्थिति आखिर जिम्मेदारों की नजरों से कैसे बची रही?

# शासकीय प्राथमिक शाला छोटे गांगला में बच्चे 25,शिक्षक 1



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भैरमगढ़/बीजापुर 4 अगस्त।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में बीजापुर जिला शिक्षा के क्षेत्र में नए नए कीर्तिमान रचने का काम किया है। वहीं दूसरी ओर जिले में कई स्कूल है जो शिक्षकों की कमी से जूझ रहे हैं। जिले में शासन प्रशासन शिक्षा व्यवस्था की सुधारने के लगातार प्रयास कर रही है लेकिन शिक्षकों की कमी, शासकीय कार्य में संलग्न और अन्य कई जिम्मेदारियों के मद्देनजर स्कूली शिक्षा पड़ बुरा प्रभाव डाल रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक शासकीय प्राथमिक शाला छोटेगॉगला की है। जहां दर्ज संख्या 25 से अधिक है। लेकिन यहां केवल एक शिक्षक कृष्णा शोरी पदस्थ हैं। वे प्रधानाध्यापक होने के साथ-साथ सीएसी की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं। शिक्षक के किसी बैठक, प्रशिक्षण या शासकीय कार्य से स्कूल से मुख्यालय जाने पर पूरा विद्यालय शिक्षकविहीन हो जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है।अभिभावकों की शिकायत के बाद तरुण छत्तीसगढ़ की टीम ने विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में कोई शिक्षक नहीं मिले। बच्चे बिना दरी के अपने-अपने बैग पर बैठकर समय बिताते नजर आए, जबकि उन्हें पढ़ाने वाला कोई नहीं था। विद्यालय में पदस्थ स्वीपर समिता ताती बच्चों की देखभाल करती मिलीं।स्वीपर समिता ताती ने बताया कि प्रधानाध्यापक जब किसी बैठक या अन्य सरकारी कार्य से मुख्यालय जाते हैं तो बच्चों की देखरेख की जिम्मेदारी उन्हें बताकर जाते हैं। सोमवार को भी शिक्षक जांगला में आयोजित बैठक में गए है।इस संबंध में विद्यालय के शिक्षक कृष्णा शोरी ने कहा कि वे प्रधानाध्यापक होने के साथ-साथ सीएसी (क्लस्टर अकादमिक समन्वयक) का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल रहे हैं। विद्यालय के लिए शिक्षा मित्र की मांग बीईओ भैरमगढ़ में की गई है। एकल शिक्षक होने और अतिरिक्त प्रशासनिक जिम्मेदारियों के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है।बीईओ भैरमगढ़ प्रहलाद जैन ने बताया कि पिछले शैक्षणिक सत्र में विद्यालय में शिक्षा मित्र की व्यवस्था की गई थी। इस वर्ष भी शिक्षा मित्र की नियुक्ति के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति उपरांत ही विद्यालय में शिक्षा मित्र की नियुक्ति की जाएगी।अब सवाल उठता है कि जब एक शिक्षक पर ही पूरे विद्यालय की जिम्मेदारी और अतिरिक्त प्रशासनिक कार्यों का बोझ होगा, तो बच्चों की नियमित पढ़ाई कैसे होगी? छोटेगोंगला का यह मामला ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था में शिक्षकों की कमी और संसाधनों के अभाव की गंभीर तस्वीर सामने लाता है।

## एक नजर

### लंबर साप्ताहिक बाजार में मोबाइल चोर सक्रिय

**सरायपाली,4 अगस्त।** लंबर साप्ताहिक बाजार में मोबाइल चोरों की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। शनिवार 1 अगस्त को बाजार में खरीदारी करने पहुंचे बंसुलीडीह गांव के दो लोगों के मोबाइल अज्ञात चोरों ने पार कर दिए। दोनों पीड़ितों ने घटना की सूचना सरायपाली थाना में दर्ज कराई है।जानकारी के अनुसार बंसुलीडीह निवासी डोलामणि पटेल और निर्मल चौधरी हर सप्ताह की तरह लंबर साप्ताहिक बाजार में सब्जी एवं दैनिक उपयोग की सामग्री खरीदने पहुंचे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी शर्ट की ऊपरी जेब में रखे मोबाइल फोन चोरी कर लिए। दोनों को घटना की भनक तक नहीं लगी। डोलामणि पटेल और निर्मल चौधरी ने आगे बताया कि वे लोग ही मोबाइल चोरी के शिकार नहीं हुए हैं,बल्कि उनके गांव के लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों का उसी साप्ताहिक बाजार में अभी तक पार हो चुका है।मोबाइल गायब होने की जानकारी मिलने पर दोनों ने इसकी शिकायत थाना में की। घटना के बाद बाजार आने वाले लोगों में चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों ने साप्ताहिक बाजार में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस से नियमित गश्त बढ़ाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### काउंसिलिंग 5 अगस्त को, नियमित कक्षाएं 6 अगस्त से

**कांकेर 4 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन की आगामी शिक्षक एवं सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा-2026 की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए जिला प्रशासन कांकेर द्वारा आयोजित स्क्रीनिंग परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। स्क्रीनिंग परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की निःशुल्क शिक्षक भर्ती परीक्षा कोचिंग के लिए काउंसिलिंग 5 अगस्त को प्रातः 10 बजे से निर्धारित अध्ययन केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग के बाद अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से प्रवेश दिया जाएगा।

# शैक्षणिक संस्थानों में लिया गया नशामुक्त भारत का संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 04 अगस्त।** भारत सरकार के नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत बीजापुर जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अधिकारियों ने नशे से दूर रहने और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

स्पोर्ट्स एकेडमी बीजापुर में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी उत्तम पंचारी ने खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और विकसित भारत के निर्माण के लिए उनका स्वस्थ एवं नशामुक्त रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने खिलाड़ियों से स्वयं नशे से दूर रहने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने की अपील की।शपथ के दौरान सभी प्रतिभागियों ने किसी भी प्रकार के नशीले एवं हानिकारक पदार्थों का सेवन नहीं करने, दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने तथा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान को सफल बनाने में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में भी इसी तरह नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# 12 माह वेतन और नियमितीकरण की मांग को लेकर शिक्षा मितानों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 4 अगस्त।** जिले में डीएमएफ मद के अंतर्गत कार्यरत शिक्षा मितान व्याख्याताओं एवं कृषि शिक्षकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर क्षेत्रीय विधायक और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने 10 माह के स्थान पर 12 माह का वेतन, समान कार्य के लिए समान वेतन, सेवा सुरक्षा, वेतन वृद्धि तथा नियमितीकरण की मांग की है।शिक्षा मितानों ने बताया कि वे जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में नियमित व्याख्याताओं की तरह ही कक्षाएं लेते हैं। इसके अलावा परीक्षा संचालन, मूल्यांकन, शैक्षणिक गतिविधियों और विद्यालय के अन्य विभागीय कार्यों का भी पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करते हैं। इसके बावजूद उन्हें मात्र 18 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाता है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में परिवार का भरण-पोषण करने के लिए पर्याप्त नहीं है।उन्होंने बताया कि वर्तमान में केवल 10 माह का मानदेय मिलता है, जबकि शैक्षणिक एवं विभागीय जिम्मेदारियां पूरे वर्ष निभानी पड़ती हैं। ऐसे में दो माह का वेतन नहीं मिलने से आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए उन्हें भी वर्ष के 12 माह का वेतन दिया जाना चाहिए।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में कार्यरत व्याख्याताओं को लगभग 38 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन मिलता है। शिक्षा मितानों का कहना है कि जब कार्य और जिम्मेदारियां लगभग समान हैं, तो वेतन में इतना फर्क क्यों किया जा रहा है।शिक्षा मितानों का कहना है कि बीजापुर जैसे दूरस्थ और आदिवासी बहुल जिले में शिक्षकों की कमी को दूर करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने लगातार शिक्षण कार्य जारी रखा और विद्यार्थियों के बेहतर परीक्षा परिणामों में योगदान दिया है। यदि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाता है तो इससे न केवल शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा, बल्कि जिले की शिक्षा व्यवस्था भी और अधिक सुदृढ़ होगी।

# दिव्यांगों के लिए अत्याधुनिक पुनर्वास सेवाएं पीआरआरसी माना कैम्प में उपलब्ध

**कांकेर 4 अगस्त।** फिजिकल रेफरल रिहैबिलिटेशन सेंटर (पीआरआरसी) एवं सेरेब्रल पॉल्सी गेट लैब माना कैम्प रायपुर एक विशेषीकृत पुनर्वास संस्थान है, जहां विभिन्न प्रकार के दिव्यांगजनों को आधुनिक तकनीकों एवं विशेषज्ञ सेवाओं के माध्यम से निःशुल्क पुनर्वास सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है।

कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला मिशन समन्वयक को पत्र जारी कर उक्त संस्था के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क कृत्रिम अंग, ऑर्थोटिक उपकरण, विशेष सहायक उपकरण का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।कलेक्टर श्री क्षीरसागर द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि माना कैम्प रायपुर स्थित पीआरआरसी एवं सेरिब्रल पॉल्सी गेट लैब में स्थापित अत्याधुनिक फिजियोथैरेपी एवं गेट एनालिसिस मशीनों के माध्यम से विशेषज्ञ फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा वैज्ञानिक पद्धति से फिजियोथैरेपी, गेट टेऊनिंग, बैलेंस ट्रेनिंग, मसल रिएजुकेशन तथा पुनर्वास सेवाएं वर्तमान में प्रदान की जा रही है।

# अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना से श्रमिक परिवारों के बच्चों को मिली नई उड़ान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 4 अगस्त।** आर्थिक रूप से कमजोर श्रमिक परिवारों के मेधावी बच्चों के लिए अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आई है। इस योजना के माध्यम से जिले के कई प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित निजी विद्यालयों में चयन हुआ है, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर भविष्य का अवसर मिला है।

योजना के तहत विकासखंड उसूर के ग्राम बसागुड़ा की छात्रा सानवीं संगम तथा भैरमगढ़ विकासखंड के ग्राम छोटे गोगला के छात्र आदित्य कोरसा का चयन दिल्ली पब्लिक स्कूल, राजनांदगांव में हुआ है। वहीं भोपालपटनम विकासखंड के ग्राम गोल्लागुड़ा की छात्रा परिधि कावटी, बीजापुर विकासखंड के ग्राम सागमेटा के छात्र देवांश जनगम और ग्राम गोल्लागुड़ा की छात्रा निहारिका नीकुरी का चयन हम एकेडमी, जगदलपुर में हुआ है।चयनित विद्यार्थियों के अभिभावकों ने बताया कि वे श्रमिक परिवारों से हैं और सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण बच्चों को प्रतिष्ठित विद्यालयों में पढ़ाना उनके लिए संभव नहीं था। श्रम विभाग में पंजीयन के बाद अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने आवेदन किया और अब उनके बच्चों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिला है।इस अवसर पर कलेक्टर विश्वदीप ने चयनित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से मुलाकात कर बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने माता-पिता, समाज और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी तथा बच्चों के चयन पर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### श्रमिक परिवारों के सपनों को मिल रही नई पहचान

अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के माध्यम से श्रमिक परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चों को बेहतर शिक्षा, आधुनिक संसाधन और उज्ज्वल भविष्य की दिशा मिल रही है। यह योजना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के जरिए सामाजिक समावेशन और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है।

# मावा पुलिस केतुल अभियान: स्कूलों में बच्चों को साइबर अपराध, यातायात नियमों की जानकारी दी गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 3 अगस्त।** पुलिस के मावा पुलिस केतुल अभियान के तहत थाना भैरमगढ़ एवं थाना मद्देड़ क्षेत्र के विद्यालयों में साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों और महिला सुरक्षा विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा।

पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भैरमगढ़ एवं मद्देड़ के छात्र-छात्राओं को नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने से जुड़े कानूनी प्रावधानों और दंड के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की गई।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने के खतरे, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और डिजिटल सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं से भी अवगत कराया गया। लीगल अधिवक्ता पद्मा बघेल ने बच्चों को उनके अधिकारों, विधिक सहायता और सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वहीं महिला सेल की सहायक उप निरीक्षक पूनम शर्मा ने महिला एवं बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी साझा की। आरक्षक अवध सिन्हा एवं महिला प्रधान आरक्षक भानू यालम ने नाबालिगों के वाहन चलाने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई, सुरक्षित यातायात और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सहभागितापूर्ण बनाने के लिए विद्यार्थियों से साइबर सुरक्षा, यातायात नियम और महिला सुरक्षा से जुड़े प्रश्न पूछे गए। सही एवं तर्कपूर्ण उत्तर देने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप वॉलीबॉल और बैडमिंटन वितरित किए गए।इस अवसर पर शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत सीईओ ने विभिन्न मावा मोदोल लाइब्रेरी व छात्रावासों का किया निरीक्षण



**कांकेर 4 अगस्त।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी ने सोमवार को विकासखण्ड अंतागढ़ के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, मावा मोदोल पुस्तकालयों, छात्रावासों तथा जिला प्रशासन द्वारा संचालित नवाचारों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के लिए बेहतर अध्ययन वातावरण, गुणवत्तापूर्ण संसाधनों की उपलब्धता तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मावा मोदोल लाइब्रेरी आमाबेड़ा में शीघ्र प्रारंभ होने वाली अध्ययन गतिविधियों की तैयारियों का अवलोकन करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पुस्तकालय के संचालन से पूर्व विद्यार्थियों का पंजीयन, पर्याप्त बैठक व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं की नवीन एवं उपयोगी पुस्तकों की उपलब्धता, स्व'छ पेयजल तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने बीएसएफ कैम्प, कड़ईखोदरा का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय अंतागढ़ पहुँचकर छात्राओं से संवाद किया तथा छात्राओं के स्वास्थ्य, आवास, भोजन तथा अध्ययन व्यवस्था की जानकारी लेते हुए वर्तमान मौसम में मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।इसी तरह मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मावा मोदोल लाइब्रेरी अंतागढ़ में अध्ययनरत विद्यार्थियों से उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, अध्ययन समय और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की तथा उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन और लक्ष्य आधारित तैयारी के लिए प्रेरित किया।

# ग्राम पंचायत गीदम से नगर पंचायत तक के ऐतिहासिक सफर की साक्षी रहीं मेहतरीन बाई को सेवानिवृत्त होने पर दी गई ससम्मान विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम। 4 अगस्त ।** नगर पंचायत गीदम की वरिष्ठ कर्मचारी श्रीमती मेहतरीन बाई आज लगभग 40 वर्षों की लंबी, गौरवमयी, समर्पित एवं निष्ठापूर्ण सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुईं। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय में उनके सम्मान में गरिमामय विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके दीर्घ सेवाकाल का सम्मान करते हुए भावभीनी विदाई दी। श्रीमती मेहतरीन बाई ने जब अपनी सेवा प्रारंभ की थी, उस समय गीदम ग्राम पंचायत के रूप में संचालित होता था। ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बनने और वर्तमान तक के पूरे प्रशासनिक एवं विकासात्मक सफर की वह प्रत्यक्ष साक्षी रहीं। बदलते समय, बढ़ती जिम्मेदारियों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में आए परिवर्तनों के बीच उन्होंने सदैव अपने कर्तव्यों का पूरी ईमानदारी, अनुशासन, लगन और समर्पण के साथ निर्वहन किया। लगभग चार दशकों के सेवाकाल में उन्होंने अनेक जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ कार्य करते हुए नगर पंचायत गीदम की प्रशासनिक व्यवस्था एवं जनसेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका सेवाभाव, सरल व्यक्तित्व, समयपालन और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणादायक रही। सम्मान समारोह में नपं अध्यक्ष रजनीश सुराना , नपं उपाध्यक्ष श्रीमती माधुरी गुप्ता, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती हुलसी प्रधान, पार्षदगण, एल्डरमैन एवं नगर पंचायत गीदम के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में सेवानिवृत्त कर्मी के सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने वर्षों तक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनका अनुशासन, कार्य के प्रति ईमानदारी और सकारात्मक व्यवहार नगर पंचायत परिवार के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी संस्था की वास्तविक शक्ति उसके कर्मठ और समर्पित कर्मचारी होते हैं। उन्होंने कहा कि अपने सेवाकाल में जिस जिम्मेदारी, धैर्य और ईमानदारी के साथ मेहतरिन बाई ने जो कार्य किया, वह सभी कर्मचारियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं सम्मानपूर्ण जीवन की शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने भी उनके लंबे सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनका अनुभव, कार्यकुशलता और सहयोगी स्वभाव नगर पंचायत परिवार की अमूल्य धरोहर रहा है। कार्यक्रम के दौरान उन्हें शाल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सहकर्मियों एवं कर्मचारियों ने उनके साथ बिताए गए वर्षों को याद करते हुए भावनात्मक संस्मरण साझा किए और उनके योगदान को सदैव स्मरणीय बताया। समारोह के अंत में सभी उपस्थित जनों ने मेहतरीन बाई के स्वस्थ, दीर्घायु, सुखमय एवं सम्मानपूर्ण जीवन की कामना करते हुए उनके 40 वर्षों की गौरवमयी सेवा यात्रा को सादर नमन किया।

# कर्मचारी के वेतन में हेराफेरी के मामले में हेमचंद यादव विवि के कुल सचिव गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दुर्ग, 4 अगस्त।** दुर्ग स्थित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की एक दैनिक वेतनभोगी महिला कर्मचारी के वेतन से कथित रूप से 1,49,×84 रुपए की हेराफेरी के मामले में मोहन नगर थाना पुलिस ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुमार कुलदीप को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा ×16(4) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि × अगस्त को विश्वविद्यालय की अर्धकुशल दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी शुभांगी मराठे की शिकायत तथा विश्वविद्यालय द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई। जांच में सामने आया कि शुभांगी विश्वविद्यालय में कार्य करने के साथ-साथ कुलसचिव के निवास पर भोजन बनाने का काम भी करती थी। उसका मासिक वेतन 11,515 रुपए था, लेकिन आरोप है कि उसे केवल 2,200 रुपए नकद दिए जाते थे। शेष राशि आरोपी के दबाव में फोनपे और पेटीएम के माध्यम से उदय कुलदीप के बैंक खाते में ट्रांसफर कराई जाती थी।उन्होंने ने कहा कि 6 फरवरी 2025 से 4 जुलाई 2026 के बीच इस तरीके से कुल 1,49,×84 रुपए की राशि का गबन किया गया। विश्वविद्यालय की जांच समिति की रिपोर्ट, बैंक खातों के विवरण और यूपीआई ट्रांजेक्शन की जांच में इन तथ्यों की पुष्टि होने का दावा किया गया है।उन्होंने ने कहा कि आरोपी ने अपने प्रशासनिक पद और प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए मातहत कर्मचारी पर दबाव बनाया और उसके वेतन का बड़ा हिस्सा अपने परिचित के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कराकर अनुचित आर्थिक लाभ प्राप्त किया। विश्वविद्यालय प्रशासन से प्राप्त प्रतिवेदन, बैंक अभिलेख और अन्य दस्तावेजों के आधार पर मोहन नगर थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर भूपेन्द्र कुमार कुलदीप को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

सभी 10 तहसीलदारों को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश, एक सप्ताह में प्रगति नहीं होने पर होगी कार्रवाई

# नक्शा बटांकन कार्य में लापरवाही पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता जताई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 4 अगस्त।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में राज्य शासन के प्राथमिकता वाले कार्यों, विभागीय पत्रों एवं लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, सुशासन तिहार, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त लंबित आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों एवं मांगों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग के महत्वपूर्ण एवं शासन की प्राथमिकता वाले कार्य नक्शा बंटांकन की तहसीलवार समीक्षा की। अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर उन्होंने गहरी नाराजगी और असंतोष व्यक्त करते हुए जिले के सभी 10 तहसीलदारों को कारण बताओ (शो कॉज) नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आगामी एक सप्ताह के भीतर प्रत्येक तहसील में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई देनी चाहिए। आगामी साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में पुनः समीक्षा की जाएगी तथा प्रगति संतोषजनक नहीं मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 18 नवंबर 2025 को नक्शा बटांकन की प्रगति 73.64 प्रतिशत थी, जो वर्तमान में बढ़कर 78.66 प्रतिशत हो गई है। इस अवधि में जिले में कुल 5.02 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। वहीं 27 जुलाई से 3 अगस्त 2026 के बीच जिले में 1008 नक्शों का बंटांकन किया गया।

तहसीलवार प्रगति की समीक्षा में धरमजयगढ़ में 93.26 प्रतिशत, छाल में 91.15 प्रतिशत, घरघोड़ा में 90.45 प्रतिशत, मुकडेगा में 87.55 प्रतिशत, तमनार में 86.16 प्रतिशत, लैलूंगा में 85.59 प्रतिशत, कापू में 83.45 प्रतिशत, खरसिया में 75.69 प्रतिशत, रायगढ़ में 70.20 प्रतिशत तथा पुसौर में 65.60 प्रतिशत नक्शा बंटांकन कार्य पूर्ण होने की जानकारी दी गई। प्रगति प्रतिशत के आधार पर तमनार (6.65 प्रतिशत), रायगढ़ (6.46 प्रतिशत), घरघोड़ा (6.33 प्रतिशत), पुसौर (5.52 प्रतिशत) तथा छाल (5.26 प्रतिशत) ने निर्धारित लक्ष्य से बेहतर प्रगति दर्ज की। वहीं खरसिया (4.66 प्रतिशत), कापू (3.58 प्रतिशत), मुकडेगा (3.06 प्रतिशत), लैलूंगा (2.67 प्रतिशत) तथा धरमजयगढ़ (2.38 प्रतिशत) में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा में रायगढ़ तहसील में 258, घरघोड़ा में 206, पुसौर में 200, तमनार में 165, खरसिया में 62, छाल में 53, धरमजयगढ़ में 34, कापू में 28 तथा मुकडेगा में 26 नक्शों का बंटांकन किया गया। लैलूंगा तहसील में साप्ताहिक प्रगति ऋणात्मक (-24) रहने पर कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

बैठक में आगामी धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने किसानों के पंजीयन कार्य में तेजी लाने तथा पट्टाधारक किसानों का भी नियमानुसार पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने तथा निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के लंबित प्रकरणों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने तथा शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे, आयुक्त नगर निगम श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर श्री रवि राही, डॉ.प्रियंका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### पनीर एनालॉग एवं नकली दुग्ध उत्पादों पर पूरे राज्य में प्रतिबंध

**रायगढ़, 4 अगस्त ।** उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा और निष्पक्ष व्यापार व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बड़ा निर्णय लिया है। विभाग ने पनीर एनालॉग अथवा ऐसे गैर-दूध खाद्य उत्पाद, जो किसी दुग्ध उत्पाद विशेषकर पनीर, क्रीम, मक्खन अथवा अन्य डेयरी उत्पादों की नकल करते हैं, उनके निर्माण, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, वितरण एवं विक्रय पर तत्काल प्रभाव से पूरे छत्तीसगढ़ में प्रतिबंध लगा दिया है।खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अभिहित अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 18 एवं धारा 30 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेश में कहा गया है कि जोखिम मूल्यांकन, उपभोक्ता हितों की रक्षा, निष्पक्ष व्यापार व्यवहार तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यह कार्रवाई आवश्यक समझी गई है। विभाग ने राज्य के सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं, जिनमें निर्माता फर्म, डेयरी इकाइयां, होटल, रेस्टोरेंट, थोक एवं फुटकर विक्रेता शामिल हैं, को निर्देशित किया है कि वे पनीर एनालॉग अथवा अन्य गैर-दूध खाद्य उत्पादों का निर्माण, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, वितरण एवं विक्रय तत्काल बंद करना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन निर्माता फर्मों के लाइसेंस में एनालॉग उत्पाद दर्ज हैं, उन्हें अपने लाइसेंस में आवश्यक संशोधन कर एनालॉग उत्पादों को हटाने की प्रक्रिया भी तत्काल पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।विभाग ने स्पष्ट किया है कि आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्यभर में सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित उत्पादों का निर्माण, भंडारण या विक्रय करते पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने सभी खाद्य कारोबारकर्ताओं से आदेश का पूर्ण पालन करने तथा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं मानक गुणवत्ता वाले दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने में सहयोग करने की ।

### जमीनी स्तर से निखरेंगी खेल प्रतिभाएं

**जगदलपुर, 4 अगस्त ।** राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने प्रदेश के ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों में छिपी खेल प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुँचाने के लिए एक बड़ी पहल की है। विभाग द्वारा राज्य के सभी जिला कलेक्टर्स को जारी दिशा-निर्देशों के परिपालन में जिलों में ग्रासरूट टैलेंट आइडेंटिफिकेशन अभियान को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला स्तर पर कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर होनहार खिलाड़ियों को चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि खेल के क्षेत्र में छुपी संभावनाओं को समय रहते सही मंच मिल सके।इस विशेष रणनीति के तहत अब केवल खेल विभाग ही नहीं, बल्कि स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, और आदिम जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली विकासखंड और जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी संभावित एथलीटों की पहचान की जाएगी। मैदानी स्तर पर सही प्रतिभाओं का चयन सुनिश्चित करने के लिए अन्य विभागों द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में जिला खेल अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। इसके साथ ही पारदर्शी और निरंतर मॉनिटरिंग के लिए खेल अधिकारी प्रत्येक महीने आयोजित होने वाले खेल आयोजनों और उनसे चिन्हित किए गए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की विस्तृत रिपोर्ट खेल एवं युवा कल्याण संचालनालय को प्रेषित करेंगे। चयनित खिलाड़ियों को न केवल चिन्हित किया जाएगा, बल्कि उन्हें खेल एवं युवा कल्याण विभाग की आधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था, खेल अकादमियों और विभागीय आर्थिक प्रोत्साहन योजनाओं से जोड़कर उनके प्रदर्शन को निधारा जाएगा। प्रशासन की इस पहल का मुख्य उद्देश्य यही है कि संसाधनों या मार्गदर्शन के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों का कोई भी उदीयमान खिलाड़ी पीछे न छूटे और सही समय पर मिलने वाले प्रशिक्षण से राज्य के खिलाड़ी भविष्य में पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर सकें।

कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित जनदर्शन में

# अपर कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 4 अगस्त ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में अपर कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा ने जिलेभर से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी नागरिक अपनी विभिन्न मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन लेकर पहुंचे। अपर कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को नियमानुसार जांच कर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम बेलरिया के ग्रामीणों ने कुर नदी में सोलर पंप के लिए निर्मित स्टॉपडेम (एनीकट) के निर्माण कार्य में अनियमितता और गुणवत्ता की कमी का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार के द्वारा निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है तथा निर्मित संरचना गुणवत्ताविहीन है। मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वहीं तहसील खरसिया के ग्राम पुछियापाली निवासी ज्योतराम राठिया ने शिकायत करते हुए बताया कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा बस स्टैंड के पास स्थित निजी तालाबों में फ्लाई ऐश डस्ट डाला गया था, जो बारिश के कारण बहकर उनके खेत तक पहुंच गया। इससे खेती प्रभावित हो रही है और उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि विरोध करने पर संबंधित व्यक्ति विवाद और झगड़े पर उतारू हो जाता है। इस पर अपर कलेक्टर ने पर्यावरण अधिकारी को तत्काल मौके का निरीक्षण कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इसी प्रकार ग्राम पंचायत घरघोड़ी के सरपंच ने शासकीय प्राथमिक शाला बेलडीपा के जर्जर भवन को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि भवन की स्थिति अत्यंत खराब होने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है तथा हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में पूर्व में शिक्षा विभाग को सूचना देने के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। जनदर्शन में आदिवासी विकास विभाग में पिछले 10 से 15 वर्षों से कलेक्टर दर पर कार्यरत मजदूरी कर्मचारियों ने श्रम सम्मान राशि प्रदान किए जाने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि लंबे समय से सेवा देने के बावजूद उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। इस पर अपर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को आवेदन पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।जय मां सरस्वती स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष एवं सदस्यों सहित अन्य महिला समूहों ने ग्राम पंचायत जोबी के रानीसागर तालाब में अवैध रूप से मछली पकड़ने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। महिलाओं ने बताया कि मछली पालन विभाग द्वारा उन्हें शासन की योजना के तहत 10 वर्षों के लिए तालाब का पट्टा प्रदान किया गया है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व जबरन तालाब में मछली पालन कर रहे हैं और विरोध करने पर विवाद करते हैं। इस शिकायत पर अपर कलेक्टर ने एसडीएम रायगढ़ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम हिम्मतपुर निवासी गुरमेत यादव ने वन भूमि पट्टा प्रदान किए जाने की मांग करते हुए आवेदन प्रस्तुत किया।

# पुसौर के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों ने नशामुक्ति और विकसित भारत निर्माण का संकल्प लिया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 4 अगस्त।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माय भारत के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को देशव्यापी नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन माध्यम से देशभर के युवाओं को संबोधित करते हुए किया। उन्होंने युवाओं से नशे के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करने, स्वयं नशे से दूर रहने तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री के संबोधन का प्रसारण विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी देखा और सुना गया। इस दौरान छात्रों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया तथा समाज में जागरूकता फैलाने का वचन भी दिया।

प्रधानमंत्री के आह्वान के क्रम में कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन तथा जिला शिक्षा अधिकारी श्री श्यामानंद साहू के मार्गदर्शन में पुसौर विकासखंड के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में विशेष शपथ कार्यक्रम आयोजित किए गए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री भुवनेश्वर पटेल के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा समाज को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। शपथ के दौरान विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे का सेवन नहीं करेंगे, अपने परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों एवं समाज के लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराएंगे तथा स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। विद्यालयों में शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान की विस्तार से जानकारी दी।

विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान को आगामी 100 सप्ताह तक लगातार चलाने का आह्वान किया है। इस अवधि में देशभर में विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियां, शपथ कार्यक्रम, रैलियां, संवाद, प्रतियोगिताएं और सामुदायिक अभियान आयोजित किए जाएंगे, ताकि युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखा जा सके और स्वस्थ एवं सशक्त भारत के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए पुसौर विकासखंड के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों को नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने घरों और गांवों में नशे के खिलाफ जागरूकता

### आईटीआई बस्तर में 5 अगस्त को कैंपस अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट ड्राइव

**जगदलपुर, 4 अगस्त ।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर में युवाओं के लिए रोजगार प्राप्त करने का एक बेहतरीन अवसर के तहत संस्थान परिसर में बुधवार 05 अगस्त को एक विशेष कैंपस अप्रेंटिसशिप प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट ड्राइव प्रसिद्ध औद्योगिक संस्थान जिंदल स्टील, मशीनरी डिवीजन (रायपुर) के सौजन्य से आयोजित की जा रही है, जिसमें चयनित युवाओं को अप्रेंटिसशिप के रूप में करियर संवारने का मौका मिलेगा। इस प्लेसमेंट ड्राइव में मशीनिस्ट, टर्नर और फिटर ट्रेड्स के प्रशिक्षणार्थी हिस्सा ले सकते हैं। इसमें इन संबंधित व्यवसायों में अंतिम वर्ष में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ-साथ पहले से उत्तीर्ण हो चुके अभ्यर्थी भी शामिल होने के लिए पात्र हैं।आईटीआई बस्तर के प्राचार्य द्वारा क्षेत्र के सभी योग्य प्रशिक्षणार्थियों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को नियत तिथि पर अपने समस्त मूल दस्तावेजों और शैक्षणिक अभिलेखों के साथ संस्थान में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी में छात्रसंघ गठित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अंवरी, 4 अगस्त।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी के प्राचार्य श्री नरेंद्र मेश्राम व सभी शिक्षकों के सहयोग से छात्र छात्रा संघ का गठन किया गया शाला नायक कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय से कु.काजल ध्रुव ,उप शाला नायक कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय से कु.महिमा चेलक बनी छात्र/छात्रा प्रतिनिधि - 12वी से कु. निर्मला, कु तमन्ना, कु दुर्गेश्वरी ,कु गुंजन , सास्कृतिक प्रतिनिधि - प्रशांत पाटले , कु भारती साहू , कु मानसी पटेला स्काउट प्रतिनिधि - अविनाश कुमार , गाईड प्रतिनिधि कु. नूतन , रेड क्रॉस प्रतिनिधि - कु.चमेली व यमन यादव ,क्रीडा प्रतिनिधि- गौरव नारंग, विवेक जोशी ,भूपेश कुमार कक्षा नायक व उपनायक क्रमशः कक्षा 12वीं कला तुलसी , कु ईशा , 12वीं विज्ञान- कु तुलसी साहू , कु. हर्षिता , भावेश कुमार , 12वीं कॉमर्स- , कु.चांदनी , कु. याचना यादव 11वीं कला कु बिपासा , आर्यन , 11वीं विज्ञान- कु. थानेश्वरी ,कु. ईशा , 11वीं कॉमर्स से - कु. कशिश , विनय कुमार , 10वी - कु.कुमकुम ,कु भावना 9वी(अ ) -कु.जानवी ,आयुष कुमार , अर्णव, 9वी (ब)- कु .ममता , कु . मानसी , किशोरी बालिका छात्रा संघ व स्वच्छता प्रतिनिधि -9वी (ब) से कु. खुशी , कु. सेजल , 10वी - कु. भावना , 11वीं कला कु. रेशमा ,11 वी विज्ञान कु. विशाक्षी , 12वीं कला कु. तुलसी , अनुशासन सचिव 12वीं विज्ञान- भावेश पटेला , 11वी कामर्श कु .रेशमा व कु. खिलेश्वरी चयनित हुए जिन्हें प्राचार्य नरेन्द्र मेश्राम ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते बधाई दिये व सभी छात्र/छात्रा प्रतिनिधि को अपने अपने दायित्व निर्वहन ईमानदारी से करने कहा व्याख्याता पी.एन.साहू ने भी समस्त प्रतिनिधि को बधाई दिये व्याख्याता केशव लाल यादव ने सभी छात्र- छात्रा संघ प्रतिनिधि को दायित्व निर्वहन के लिए संकल्प दिलाये कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता आई.आर.साहू ने किया इस अवसर पर प्राचार्य नरेन्द्र मेश्राम व्याख्याता- पी.एन. साहू , आई आर साहू , के एल यादव , लालबहादुर साहू , विज्ञान सहायक शिक्षक डी के साहू व्याख्याता श्रीमती के एल घोघरे, पी सिन्हा , स्वाति टण्डन , वत्सला चन्द्राकर , सुश्री तामेश्वरी मानसेवी व्याख्याता ,माध्यमिक स्टाफ से प्रधानपाठक - दिलीप कुर्रे , शिक्षक बी.पी.जोशी ,लक्ष्मीकांत साहू , सौरव पटेल ,योगेश साहू , रेखा मेश्राम अन्य कर्मचारी में रामहू ध्रुव, झनक लहरे, पी डहरे , नरसिंग नेताम व समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे यह जानकारी मीडिया प्रतिनिधि व्याख्याता लालबहादुर साहू ने दी है ।

# रावत एवं ठेठवार जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग में शामिल कराने केंद्रीय मंत्री तोखन साहू से मिला यादव समाज का प्रतिनिधिमंडल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 4 अगस्त।** सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी अध्यक्ष रमेश यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से सौजन्य भेट की तथा उन्हें कटघोरा से डोंगरगढ़ तक रेल लाइन स्वीकृत करने की बधाई दी तत्पश्चात यदु ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को अवगत कराया की विगत वर्ष 2025 में छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ शासन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रावत जाति को केंद्रीय सूची में शामिल करने तथा छत्तीसगढ़ में निवास ठेठवार यादव जाति जिसका सूची में हिंदी उच्चारण गलत होने के कारण जाति प्रमाण पत्र नहीं बन रहा है उसको संशोधन कर थेथवार को ठेठवार करने का अनुशंसा पत्र सामाजिक न्याय मंत्रालय भारत सरकार के विचार अधीन है ,पत्रों के अवलोकन करने के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री साहू ने भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्री वीरेंद्र जी को तत्काल पत्र लिखकर केंद्र सरकार की सूची में जोड़ने का निवेदन किया है, उन्होंने कहा कि दिल्ली पहुंचकर इस विषय से तत्काल मंत्री को अवगत कराया जावेगा,उन्होंने यादव समाज के एक प्रतिनिधिमंडल को दिल्ली आमंत्रित कर केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कराने की बात कही ,सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यादव महासचिव मनोज यादव के नेतृत्व में आगामी 21 अगस्त को 21 सदस्य प्रतिनिधि मंडल दिल्ली के लिए रवाना होंगे वहां पहुंचकर वीरेंद्र केंद्रीय मंत्री सामाजिक न्याय मंत्रालय से भेंट कर दोनों आवेदन को आदेश करने हेतु निवेदन करेंगे इसके लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई है इस अवसर पर प्रतिदिन मंडल में बिलासपुर के संभागीय अध्यक्ष धनु यादव जिला अध्यक्ष रामचंद्र यादव, उपाध्यक्ष श्री राम यादव, मंजीत यादव, दीपक यादव, छोरा यादव ,जागेश्वर यादव, गोविंद यादव,अभिमन्यु यादव, मन्नू यादव ,गोपाल यादव, आदि समाज के लोग उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### छुरा के वार्ड क्रमांक -6 में सीसी रोड के भूमिपूजन के साथ विकास कार्य का शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 4 अगस्त।** नगर पंचायत छुरा के वार्ड क्रमांक 06 (गादीकोट) में छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त अधोसंरचना मद के अंतर्गत सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्थानीय नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

भूमिपूजन के साथ वार्ड में बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने कहा कि इस निर्माण कार्य से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा बरसात के दिनों में कीचड़ और जलभराव जैसी समस्याओं से काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान नगरवासियों ने विकास कार्य प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों ने विश्वास जताया कि सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद वार्ड की तस्वीर बदलेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी।इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति चित्ररेखा ध्रुव,रजनी लहरे, बलराज पटेल,गरिमा ध्रुव,पार्षद देवसिंह नेताम,हरीश यादव,सलीम मेमन, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन,यामीन(ट्रांसजेंडर), दीप्ति यादव, एल्डरमैन तुलाराम साहू ,सफर सचदेव, धर्मेंद्र चंद्राकर ,अजय दीक्षित रामाधार यादव,निखिल साहू ,पीयूष सिन्हा, नारायण पटेल, भवानीशंकर सेन, तुलसीराम साहू, संतोष ध्रुव,कोपेश्वर साहू, अमान उल्ला,विजय देवांगन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।

### स्काउटिंग की पहचान है स्कार्फ : केआर सिन्हा

**छुरा , 4 अगस्त (तछसं.)।** स्वावलम्बन के पर्याय आयुर्वेद्रत्न, स्काउट मास्टर के.आर. सिन्हा ने वर्ल्ड स्कार्फ डे की बधाई देते हुए लोगों को स्काउटिंग गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। सिन्हा ने कहा कि स्काउटिंग एक शैक्षिक आंदोलन है जो युवाओं को आत्म अनुशासन,



समाज सेवा और देशभक्ति के मूल्यों को विकसित करने में मदद करता है। स्काउटिंग का मूल उद्देश्य युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाना है। स्काउटिंग बालचरों को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से विकसित करता है। सिन्हा ने आगे कहा कि स्कार्फ, स्काउटिंग की पहचान है। हमें एकता, अनुशासन और सेवा के पथ पर अग्रसर करता है। विश्व के 224 देश में स्काउटिंग गतिविधि संचालित है, जिसके 54 मिलियन से अधिक युवा और वयस्क सदस्य हैं। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त, स्काउट मास्टर, योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि स्काउटिंग एक वैश्विक आंदोलन है जो युवाओं को सक्रिय बनाने और अपने समुदाय में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के स्काउट्स द्वारा विश्व स्कार्फ दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, यह 1907 में पहले स्काउट शिविर की याद दिलाता है। स्कार्फ, स्काउटिंग के प्रति प्रतिबद्धता एवं विशेष लगाव का प्रतीक है। यह स्काउटिंग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। स्कार्फ पहनकर स्काउट्स अपने अनुभव पर गर्व महसूस करता है। अलग-अलग रंग के स्कार्फ पहनने की विशेष परंपरा है। विशिष्ट रंगों से स्काउटिंग में आसीन पदों का भी पहचान होता है। स्कार्फ को पहनने के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में पट्टी या रस्सी के रूप में प्राथमिक उपचार में उपयोग कर सकते हैं। इसको वागल या गांठ के साथ बांधा जाता है, जिससे आकर्षण में वृद्धि होता है। स्काउटिंग एक संपूर्ण जीवन शैली है जिससे जुड़कर एक जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र सेवा कर सकते हैं।

### मतदाता जागरूकता के लिए कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में चलेगा विशेष अभियान

**रायगढ़, 4 अगस्त ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप जिले में युवा मतदाताओं में लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। स्वीप कार्ययोजना के तहत अगस्त 2026 के दौरान जिले के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं उच्च शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों में गठित इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ईएलसी) के नोडल अधिकारी एवं क्लब के सदस्यों के माध्यम से मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन कार्यक्रमों में महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों में नियुक्त कैंपस एम्बैसडर तथा प्रोफेसर नोडल अधिकारी (स्वीप) की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। इन गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं को मतदान प्रक्रिया, मतदाता अधिकारों एवं लोकतंत्र में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना है।जिला निर्वाचन कार्यालय ने सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं उच्च शैक्षणिक संस्थानों को निर्देशित किया है कि वे अपने यहां आयोजित होने वाले मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की तिथि एवं समय की जानकारी पूर्व में उपलब्ध कराएं, ताकि निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी भी कार्यक्रमों में शामिल हो सकें। साथ ही अगस्त माह में आयोजित सभी गतिविधियों का पालन प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से 5 सितंबर 2026 तक जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित करना होगा। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं को मतदाता जागरूकता से जोड़ते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## एक नजर

### डेयरी एनालॉग के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रतिबंध

**राजनांदगांव 4 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में डेयरी एनालॉग (अमानक, नकली पनीर, क्रीम एवं मक्खन) के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा ग्राम पनेका डोंगरगांव रोड स्थित एक डेयरी प्रतिष्ठान का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता, अभिलेख एवं लेबलिंग का अवलोकन किया गया। मौके पर डेयरी एनालॉग पनीर का उत्पादन या भंडारण नहीं पाया गया एवं इकाई स्वेच्छा से बंद पाई गई। संचालक को आदेश की प्रति सौंपकर आगे भी नियमों का उल्लंघन नहीं करने कहा गया। आम नागरिकों की सुरक्षित, शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा निरंतर सघन जांच जारी रहेगी। अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन राजनांदगांव ने बताया कि डेयरी एनालॉग ऐसे गैर-डेयरी उत्पाद है, जिनमें प्राकृतिक दूध के स्थान पर वनस्पति वसा, वनस्पति तेल या अन्य गैर-दूध अवयवों का उपयोग किया जाता है। ये देखने में हूबहू असली पनीर, क्रीम या मक्खन जैसे प्रतीत होते है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा इसके स्पष्ट मानक निर्धारित न होने के कारण यह आम उपभोक्ताओं को भ्रमित करते है तथा स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक साबित हो सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी खाद्य एवं डेयरी व्यापारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अंतर्गत जिले में किसी भी प्रकार के डेयरी एनालॉग (नकली पनीर, क्रीम, मक्खन) का निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय तत्काल प्रभाव से पूर्णतः बंद रखने की हिदायत दी गई है। सभी व्यापारी अपने प्रतिष्ठान में स्वच्छता, वैध एफएसएसआईएस लाइसेंस अथवा पंजीयन एवं नियमानुसार मानक लेबलिंग का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। किसी भी प्रतिष्ठान में उल्लंघन पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के तहत दंडात्मक एवं कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा आम नागरिकों से कोई भी डेयरी उत्पाद खरीदते समय पैकेट पर एनालॉग पनीर, इमिटेंट या डेयरी एनालॉग लिखे उत्पादों को नहीं खरीदने की अपील की गई है। इसके सथ ही खुले में बिकने वाले पनीर एवं दुग्ध मिठाइयों की गुणवत्ता के प्रति विशेष सतर्कता बरतने तथा केवल एफएसएसआईए लाइसेंसधारी एवं विश्वसनीय दुकानों से ही खाद्य सामग्री का क्रय करने कहा गया है। किसी भी स्थान पर अमानक या मिलावटी डेयरी उत्पाद बेचे जाने की आशंका होने पर तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को सूचित करने की अपील की गई है।

### तिल्दा-नेवरा में कांग्रेस का 'स्मार्ट मीटर हटाओ' अभियान शुरू, घर-घर भरवाए गए आवेदन पत्र



**तिल्दा-नेवरा 4 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश में बढ़ती बिजली दरों और उपभोक्ताओं को मिल रहे अधिक बिजली बिलों के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर तिल्दा-नेवरा में 'स्मार्ट मीटर हटाओ' अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का शुभारंभ मावली माता मंदिर चौक से किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वार्ड क्रमांक 19, 20 और 21 में घर-घर जाकर लोगों से स्मार्ट मीटर हटाने एवं पुनः सामान्य (नॉर्मल) बिजली मीटर लगाने की मांग को लेकर आवेदन पत्र भरवाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश में लगातार बढ़ती बिजली की कीमतों और अधिक बिजली बिलों से आम जनता परेशान है। इसी को लेकर बिजली विभाग से स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर पुनः लगाने की मांग की जा रही है। इस अभियान में प्रमुख रूप से अजितेश शर्मा, सुनील सोनी, गोवर्धन यदु, द्वारिका शर्मा, दिलीप देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं शहरवासी उपस्थित रहे।

# कांवड़ यात्रा के लिए साफ-सफाई, विद्युत एंव अन्य व्यवस्था का आयुक्त ने लिया जायजा

- **मोहारा शिवनाथ नदी रोड एवं तट में व्यवस्था देख कांवड़ियो से किए चर्चा**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 4 अगस्त।** कांवडियो की सुविधा के लिए साफसफाई तथा विद्युत व्यवस्था का जायजा लेने आयुक्त श्री जीआर मरकाम सुबह मोहारा रोड एवं नदी तट पहुँच व्यवस्था के संबंध में कावडियो से चर्चा किए। उन्होंने साफ सफाई के अलावा विद्युत एवं जल व्यवस्था का सुचारू संचालन के लिए कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे तथा प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि श्रावण मास में शिव मंदिरो में अभिषेक करने जल लेने शिवनाथ नदी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु द्वारा प्रति सोमवार को अल सुबह से मोहारा शिवनाथ नदी में जल भरने भारी संख्या में पहुचते है। कावडियों के पद यात्रा रोड एवं मोहारा शिवनाथ नदी तट में साफ सफाई के अलावा अन्य व्यवस्था का जायजा लेने आयुक्त श्री मरकाम सुबह पहुँच साफ सफाई का निरीक्षण कर स्वास्थ्य अमला से कहा कि प्रत्येक सोमवार सुबह जल्द से जल्द सफाई कर्मी पहुँचे और कांवड यात्रा रोड तथा नदी तट के पास साफ सफाई करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि चुकि कांवडिया नंगे पैर चलते है, जिसे ध्यान में रखकर कंकड पत्थर को हटाकर साफ सफाई करे, ताकि चलने में असुविधा न हो।

आयुक्त ने कावडियो से व्यवस्था संबंधी चर्चा किए। कावडियो ने कहा कि हर वर्ष नगर निगम की टीम मोहारा रोड एवं नदी के पास सुबह से साफसफाई के लिए लगे रहते है, इस वर्ष आपकी उपस्थिति से और अच्छी व्यवस्था देखने को मिल रही है। आयुक्त ने सफाई कर्मियो से कहा कि रोड के दोनो ओर किनारे तक साफकर झिल्ली पन्नी उठावे तथा डिवाइडर के दोनो ओर भी सफाई करना सुनिश्चित करे। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी से कहा कि प्रत्येक सोमवार को सुबह से सफाई कर्मी उक्त क्षेत्रों की समुचित सफाई करेंगे, व्यवस्था का वार्ड प्रभारी, सफाई दरोगा तथा स्वच्छता निरीक्षक मानिटरिंग करेंगे।

आयुक्त ने कार्यपालन अभियंता श्री खाण्डे से भी कहा कि चुकि अल सुबह श्रद्धालु पहुचते है, इस वजह से नदी तट एवं आस पास विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था हो इसके अलावा इससे संबंधित अन्य व्यवथा भी सुचारू रूप सें संपादित हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी व्यवस्था के क्रियान्वयन निष्ठा से करे। उन्होने कहा कि महापौर महोदय के निर्देश पर स्नान एवं जल भरने के दौरान दुर्घटना से बचने तथा श्रद्धालुओं की भीड के सुगम आवगमन के लिए भी प्रशासन को पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में श्रद्धालुओ को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# जनभागीदारी से होगा बाड़ी विकास व आंगनबाड़ी उन्नयन

## आयुक्त ने निगम सभागृह में विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों से की चर्चा

- **आयुक्त ने विभिन्न उद्योग के प्रतिनिधियो की बैठक में बाडी विकास पर चर्चा की।**
- **प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने सोलर पेनल लगाने की अपील**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 4 अगस्त।** पर्यावरण संरक्षण के लिए निगम सीमाक्षेत्र में बाडी विकसित करने तथा आंगनबाडियो का उन्नयन करने आयुक्त श्री जी.आर.मरकाम ने आज निगम सभागृह में विभिन्न उद्योग के प्रतिनिधियो की बैठक लेकर जनभागीदारी से समग्र विकास के लिए बिन्दुवार विचार विमर्श किए। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने सोलर पेनल लगाने भी अपील किए।

बैठक में आयुक्त ने उद्योग प्रतिनिधियो से कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष वृक्षारोपण किया जाता है, गत वर्षो मे लगाये अधिकांश पौधे वृक्ष का रूप भी ले चुके है। इसी परिप्रेक्ष्य में शहर के ग्रामीण वार्डो में बाडी विकास के तहत विभिन्न पौधे लगाकर बाडी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके लिए आप लोगो की बैठक बुलाई गयी है। उन्होंने कहा कि शहर 51 वार्डो में बटा है, जिसमें शहरी वार्ड के अलावा कुछ ग्रामीण वार्ड भी है। ग्रामीण वार्ड में घर के पास बाडी रहती है, जिसे सीएसआर मद से विकसित करने की परिकल्पना है, इस संबंध में जिलाधीश महोदय के नेतृत्व में बाडी विकसित करने उनके निर्देश पर बैठक बुलाई गयी है।

आयुक्त ने कहा कि बाडियो मे बाउण्ड्री फैंसिंग, पानी आदि की सुविधा रहती है, यदि हम बाडी मालिको को फलदार पौधे देकर या पौधे लगाकर उन्हे दे तो वे उसकी रक्षा कर सकते है। उन्होंने कहा कि बाडी के किनारे किनारे मुनगा, कटहल, जाम, आम,नीबू, गुलहड आदि पौधे लगाये जा सकते है, पौधे एंव अन्य आवश्यक व्यवस्था जनसहयोग से किया जा सकता है। इसी प्रकार हमारे 17 एसएलआरएम सेन्टर जहॉ गिला कचरा से कम्पोस्ट खाद तैयार करते है, उस उपयोगी खाद को पौधे विकसित करने उपयोग में लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि निगम सीमाक्षेत्र के लगभग 7 सौ बाडियो को विकसित करने का लक्ष्य है, जिसमें आप सबका सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि बाडी विकसित करने के बदले बाडी मालिको को सोलर पेनल लगाने संकल्पित किया जायेगा, ताकि बिजली बिल से मुक्ति दिलाने तथा पर्यावरण संरक्षण में उनका योगदान हो सके।

आयुक्त श्री मरकाम ने कहा कि इसी प्रकार शहर की आंगनबाडियो को सीएसआर मद से सुदृढीकरण करने की योजना है, हमारे शहर में 156 आंगनबाडी केन्द्र है, जिसमें बहुत से आंगनबाडी भवन क्षतिग्रस्त है, जिनका मरम्मत कर रंगरोगन, आवश्यकता अनुसार बाउण्ड्रीवाल निर्माण कर उसका आधुनिकीकरण किया जायेगा तथा परिसर में फलदार एवं सब्जी के पौधे रोपित किए जायेगे। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओ की प्रारंभिक जॉच, सुपोषण, नवजात बच्चो का भरण पोषण तथा छोटे बच्चो की प्रारंभिक शिक्षा का आंगनबाडी सशक्त माध्यम है, जिसका सुदृढीकरण में सहयोग करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि इन दोनो योजना में सहयोग के अलावा अपने घर व उद्योग में सोलर पेनल लगाने के लिए भी मै आप लोगो से अपील करता हूॅ। सोलर पेनल लगाकर अपना आर्थिक भार कमकर पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करे।

उद्योग विभाग के महाप्रबंधक श्री शानू वर्गिस ने बैठक के प्रारंभ में शहर में बाडी विकास तथा आंगनबाडियो के समग्र विकास एवं उनके आधाभूत अधोसंरचना सुदृढीकरण के उदेश्य के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में उप संचालक उद्योग श्री डी.पी. मार्कस्कोले, श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता चंद्रवंशी, निगम के कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे व श्री यू.के.रामटेके सहित विभिन्न उद्योगो के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# राम-लक्ष्मण वाटिका में सजेगा शिव दरबार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव , 4 अगस्त।** भगवान भोलेनाथ को सपरिवार राम - लक्ष्मण वाटिका का निवासी बनाने चल रहे धार्मिक अनुष्ठान का कल 3 अगस्त को तीसरा दिन होगा । कल श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शिव - पार्वती सहित शिवगणों की प्राण - प्रतिष्ठा मंत्रोच्चार के बीच संपन्न होगी । शाम को भगवान भोलेनाथ के आशीर्वाद स्वरूप भक्तजनों हेतु भंडारे का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा । मंदिर समिति से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम दिन भगवान की शोभायात्रा , दूसरे दिन अन्नाधिवास , जलाधिवास , फलाधिवास एवं रात्रि में शैयाधिवास की धार्मिक एवं शास्त्रोक्त विधिविधान का पालन कर पुरोहितों ने आवश्यक पूजा - पाठ संपन्न कराया । अब सोमवार 3 अगस्त को भगवान भोलेनाथ , मां पार्वती , पुत्र गणेश , कार्तिकेय एवं शिवगण नंदी की प्राण - प्रतिष्ठा का संकल्पित यज्ञ पूर्णता को प्राप्त करेगा । शाम को शिव भक्त आशीर्वाद स्वरूप आयोजित भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर अपने तथा परिजनों की सुख - समृद्धि की मंगल कामना करते हुए अपने - अपने घरों को लौटेंगे । मुख्य जजमान गिरीश देवांगन ने सपत्नीक सभी अनुष्ठान को पूर्णता देकर वार्ड वासियों सहित शहर एवं जिले वासियों के आनंद - मंगल की कामना को शिव - पार्वती के द्वार पर निवेदित कर सभी धार्मिक प्रक्रियाओं को संपन्नता देने का कार्य किया है । वहीं नगर निगम में प्रतिपक्ष के नेता संतोष पिल्ले तथा वार्ड पार्षद संगीता युधिष्ठिर देवांगन ने भी तीन दिवसीय आयोजन में हिस्सा लेकर मंदिर स्थापना में अपना सहयोग प्रदान किया ।



### सर्व विप्र समाज महिला मंडल ने धूमधाम से मनाया सावन उत्सव

**सिमगा 4 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्व विप्र समाज के महिला मंडल द्वारा तिल्दा रोड स्थित ब्राह्मण समाज भवन में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण और भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। समाज की महिलाओं ने सावन गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया और भजनों की मधुर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पेपर कप सहित अन्य मनोरंजन खेल भी कराए गए, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिला मंडल की ओर से सभी सुहागिनों को सुहाग सामग्री का वितरण किया गया। खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण महिला समाज की अध्यक्ष सुवर्णा शर्मा, विशेष अतिथी नंदनी मिश्रा रमातिवारी प्रियंका तिवारी स्वेता अवस्थी ममता चर्तुनेदी नंदनी तिवारी मीना शुक्ला अलका मिश्रा गौरीशर्मा आरती शर्मा नीहारिका नीधी श्रेया काजल रत्ना रजनी लक्ष्मी स्मिता सुनीता मिनु संगीता अंजली तृप्ती कीरण अवनी अंश्यु कुमूद काजल स्मीर्ति सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। पूरे कार्यक्रम का माहौल भक्तिमय और उल्लासपूर्ण रहा।


**समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी नगरी छ.ग.**

डिकेश्वर नेताम पिता श्री भीखम सिंह नेताम निवासी बोकरा बेडा तहसील नगरी जिला धमतरी छ. ग.

**शपथ पत्र**

शपथकर्ता सत्यनिष्ठापूर्वक कथन करता है कि

मैं उपरोक्त बताए नाम एवं पते का स्थायी निवासी है।

वास्तविक नाम डिकेश्वर कुमार नेताम है जो कि सत्य एवं सही है ।

मेरा नाम कहीं-कहीं डिकेश कुमार नेताम दर्ज हो गया है ।

मैं अपना नाम सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों में डिकेश्वर कुमार नेताम दर्ज कराना चाहता हूँ ।

मैं डिकेश्वर कुमार नेताम ( डिकेश्वर नेताम ) से जाना वो पहचाना जाता हूँ ।

उपरोक्त कथनों की पुष्टि तथा मेरा नाम सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय अभिलेख में डिकेश्वर नेताम ( डिकेश्वर नेताम ) के नाम से जाना एवं पहचाना जाने यह शपथपत्र प्रस्तुत है ।

**डिकेश्वर**
**शपथकर्ता**

शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र कि कंडिका से 6 में निहित तथ्य मेरे स्वयं के ज्ञान व जानकारी से सही है ।

**डिकेश्वर**
**सत्यापनकर्ता**


# स्मार्ट बिजली मीटर के खिलाफ कांग्रेस का अभियान शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 4 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री दीपक बैज जी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया के नेतृत्व में ग्राम किरवई से स्मार्ट बिजली मीटर के विरोध में जनता के बीच जाकर आवेदन भरवाने का कार्य बलौदा बाजार जिले में प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शामलाल देवांगन, जिला महामंत्री राजा तिवारी, हेमलाल साहू, जनपद सदस्य विष्णु कोशले, महेश निर्मलकर, यश शर्मा , विक्की मानिकपुरी, किशोर देवांगन, विक्की पांडे, नागेश साहू आदि सहित भारी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# बाबा धाम के लिए रवाना हुआ कांवड़ियों का जत्था



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 4 अगस्त।** क्षेत्र के श्रद्धालुओं का जत्था बाबा बैजनाथ धाम के लिए सोमवार को रवाना हुआ। यह जत्था बाबा धाम में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर लगभग एक सप्ताह बाद वापस लौटेगा। तिल्दा नेवरा क्षेत्र के के सभी कांवड़िये सबसे पहले रेल्वे स्टेशन में एकत्रित हुए। इस दौरान पूरा परिसर बोल बम और हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इसके बाद समाजसेवी गौरव अग्रवाल के नेतृत्व में सभी श्रद्धालु साऊथ बिहार ट्रेन में सवार होकर अपनी धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुए। कांवड़िया ने बताया कि सुल्तानगंज (बिहार) पहुंचकर गंगाजल भरा जाएगा और वहां से पैदल यात्रा करते हुए बाबा बैजनाथ धाम व बासुकीनाथ धाम में जलाभिषेक किया जाएगा।

# शहरी पथ विक्रेताओं को ऋण लेकर व्यवसाय करने का सुनहरा मौका

- **प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ के लिये ऋण लेने ऑनलाइन आवेदन करने महापौर ने की अपील**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 4 अगस्त।** शहरी पथ विक्रंताओ को व्यवसाय करने के लिए आसानी से ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाने भारत सरकार द्वारा क्रियान्वित प्रधानमंत्री स्वनिधि स्ट्रीट वेंडर्स योजना छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित की जा रही है। योजना का क्रियान्वयन करने नगर निगम राजनांदगांव क्षेत्रांतर्गत निवासरत छोटे व्यवसायियों से भी ऑनलाईन आवेदन लिया जा रहा है। स्वयं के व्यवसाय के लिए ऋण लेकर आत्मनिर्भर बनने महापौर श्री मधुसूदन यादव ने आवेदन करने की अपील की है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ लेने निगम सीमाक्षेत्र के शहरी पथ विक्रेता एवं छोटे दुकानदारो द्वारा विभिन्न बैको से ऋण लेने ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजनांतर्गत बैको के माध्यम से तीन स्तर में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपये, प्रथम ऋण अदायगी करने पर द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार एवं द्वितीय ऋण अदायगी करने पर तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये का ऋण देने का प्रावधान है। योजनांतर्गत ऋण पर हितग्राही द्वारा नियमित रूप से ऋण अदायगी करने पर बैक द्वारा ली जाने वाली ब्याज राशि में 7 प्रतिशत की राशि अनुदान के रूप में दिये जाने का प्रावधान किया गया है।

योजना आरंभ से वर्तमान तक ऋण प्रकरणो में प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपये के लिए 2113 लोगो को, द्वितीय ऋण रूपये 25 हजार के लिए 612 लोगो को एवं तृतीय ऋण राशि 50 हजार रूपये के लिए 144 लोगो को ऋण प्रदान किया गया है, इस तरह कुल 2869 पथ विक्रेताओ एवं छोटे दुकानदारो को विभिन्न बैंको के माध्यम से ऋण की अदायगी की जा चुकी है। उक्त वेंडर्स को अब तक 4.78 करोड का ऋण एवं 9 लाख रूपये की ब्याज अनुदान राशि प्रदान की जा चुकी है। इस संबंध में आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम ने बताया कि निकाय क्षेत्रांतर्गत विभिन्न बैको में लगभग 660 प्रकरण लंबित होने पर बैंको को ऋण की स्वीकृति एवं वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया है। यह योजना छोटे दुकानदारो एंव गरीबो के लिए लाभकारी तथा आर्थिक व वित्तीय सुविधा पहुचाने में बहुत मददगार साबित हो रही है। योजना का लाभ लेने नजदीकी च्वाईस सेन्टर एवं कम्प्यूटर दुकानों में ऋण लेने हेतु ऑन लाईन आवेदन कर सकते है।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के संबंध में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने बताया कि निम्न वर्ग के लोग जिनके द्वारा फेरी लगाकर या छोटा मोटा व्यवसाय कर, गुजर बसर किया जाता है, उन्हे आर्थिक संबल प्रदान करने शासन द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना प्रारंभ किया गया है। शासन मंशा अनुरूप हमें योजनांतर्गत नियमानुसार उन्हें व्यवसाय करने ऋण प्रदान करना है। ऋण लेने के लिए ऑनलाईन आवेदन करने के लिए आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, (मोबाईल नम्बर लिंग हो) बैंक पास बुक, मतदाता परिचय पत्र, 02 फोटो के साथ साथ मोबाईल फोन लाना अनिवार्य है। उन्होंने स्वयं के व्यवसाय हेतु ऋण प्राप्त करने ऑनलाईन आवेदन करने की अपील की है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**- फर्द प्रकाशन-**

रा.प्र.क्र.............................

अ-27/2025-26

ग्राम भोथीडीह प.ह.न. 24

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सियाराम साहू पिता चैतराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम भोथीडीह तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम भोथीडीह प.ह.नं. 24 निपनिया तहसील भाटापारा स्थित भूमि कुल खसरा नंबर 04 योग रकबा 1.0190 हे. भूमि का आवेदक एवं अनावेदकगण के मध्य खाता विभाजन किये जाने हेतु छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 178 के तहत् बी-1 नकल सहित आवेदन पत्र पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। तथा दिनांक 24/08/20726 को सुनवाई हेतु नियत है।

**हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द निम्नानुसार है -**

**फर्द बंवारा**

**ग्राम भोथीडीह प.ह.नं. 24 रा.नि.मं. निपनिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटाधरा (छ.ग.)**

| | | | पक्ष क्रमांक 01 | | पक्ष क्रमांक 02 | | पक्ष क्रमांक 03 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खातेदारों का विवरण | भूमि का विवरण | | शिवलोचन पिता चैतराम साहू जाति तेली सा. देह भूमिस्वामी | | सियाराम साहू पिता चैतराम साहू जाति तेली सा देह भूमिस्वामी | | लोकनाथ, दीनानाथ, वकेश्वर पिता मुखित राम साहू जाति तेली सा. देह भूमिस्वामी | |
| शिवलोचन | ख.न. | रकबा | ख.नं. | रकबा | ख.नं. | रकबा | ख.नं. | रकबा |
| सियाराम पिता | 1 | 0.231 | 1 का टु. | 0.126 | 1 का टु. | 0.105 | - | - |
| चैतराम साहू लोकनाथ, दीनानाथ, | 204/1 | 0.278 | 204/1 का टु. | 0.097 | 204/1 का टु. | 0.113 | 204/1 का टु. | 0.068 |
| वकेश्वर पिता मुखित राम साहू | 253/7 | 0.065 | 253/7 का टु. | 0.022 | 253/7 का टु. | 0.021 | 253/7 का टु. | 0.022 |
| जाति तेली सा. देह भूमिस्वामी | 356 | 0.445 | 356 का टु. | 0.095 | 356 का टु. | 0.100 | 356 का टु. | 0.250 |
| योग | 04 | 1.019 | 04 | 0.340 | 04 | 0.339 | 03 | 0.340 |

जिस किसी व्यक्ति /संस्था को दावा-आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 24/08/2026 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं, नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया है।

**नायब तहसीलदार**
**निपनिया**

एक नजर

## चेम्बर ने दी बैस को जन्मदिन की बधाई



**रायपुर 4 अगस्त।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के गौरव, वरिष्ठ जननेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं त्रिपुरा झारखंड एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल आदरणीय श्री रमेश बैस जी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधिमंडल उनके निज निवास पहुँचा। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी जी के कुशल नेतृत्व में पदाधिकारियों ने बैस जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर शॉल ओढ़ा कर जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं तथा ईश्वर से उनके दीर्घायु, सुदीर्घ एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस गरिमामयी अवसर पर रायपुर दक्षिण तथा रायपुर दक्षिण के लोकप्रिय विधायक श्री सुनील सोनी एवं राजेश मूणत जी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने भी श्री बैस जी को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, संरक्षक एवं पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, गजराज पगारिया, महंत रामसुंदर दास, सलाहकार संतोष जैन, अशोक मलानी, छगन मूंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी राधा किशन सुंदरानी, उपाध्यक्ष जितेंद्र शादीजा, मनीष प्रजापति, जितेन्द्र बड़वानी, राजेश गुरनानी, मालवीय रोड शारदा चौक व्यापारी संघ अध्यक्ष तरल मोदी, अशोक बजाज, ओंकार बैस सहित वरिष्ठ पदाधिकारी, व्यापारिक प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा का रिजल्ट जारी

**रायपुर 4 अगस्त।** भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती वर्ष 2026-27 के लिए आयोजित ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें रायपुर जिले के 170 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए पात्र घोषित हुए हैं। इन पात्र अभ्यर्थियों को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, रायपुर के माध्यम से निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों से प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी 10 अगस्त 2026 तक कार्यालयीन समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, लोकभवन के बाजू, सिविल लाइन, रायपुर में आवेदन जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने आवेदन कार्यालय के ई-मेल के माध्यम से भी निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क रहेगा तथा इसका उद्देश्य शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी में अभ्यर्थियों को बेहतर सहयोग प्रदान करना है।

### धर्मेंद्र की स्मृति में संगीत संध्या 9 को

**रायपुर 4 अगस्त।** हमारी स्वर सप्तक संस्था फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र की स्मृति में 24 सदाबहार गीतों से सजी सुरमयी संगीत संध्या 9 अगस्त रविवार, शाम 7:30 बजे से शहीद स्मारक भवन, रायपुर मे आयोजित करने जा रही। गायक ओम प्रकाश, मनोज बर्मन, दिनेश वर्मा, डॉ. प्रशांत शुक्ला, डॉ. जावेद अली, जलन सागर, अतीक रहनान, डॉ. रश्मि सिंह शिवानी बानी, श्रुति संघी एवं भारती साहू । राजेश नायक मंच संचालन प्रीति राजवैद्य एवं संगीत संयोजन राजकुमार येसुदास करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती मीनल चौबे, महापौर नगर निगम रायपुर विशिष्ट अतिथि, शशांक शर्मा (अध्यक्ष छ. ग. साहित्य अकादमी) एवं विशिष्ट अतिथि, प्रदीप श्रीवास्तव (मुख्य सलाहकार) के रूप में सादर आमंत्रित है। सम्मानीय अतिथि गण के शुभ हाथों गुणी गायक अंचल के वरिष्ठ गायक रहमान शरीफ को मृत्यु उपरांत साथ ही राम आधार सारथी (भजन गायक ढोलक वादक) एवं पवन छिब्बर को सम्मानित किया जायेगा। स्वर सप्तक संस्था विगत 18 वर्षों से निरंतर सांगीतिक कार्यक्रम आयोजित करती आ रही। त्वर सप्तक सस्था के संयोजक उदय दास ने जानकारी दी।

### एनपीसीआई टेक्स्ट मैसेज से धोखाधड़ी के प्रति जागरूक कर रहा

**रायपुर 4 अगस्त।** डिजिटल भुगतान अब पूरे देश में आसानी से उपलब्ध है, जो भारत को डिजिटल-प्रथम अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ा रहा है और लोगों को सुरक्षा एवं सुविधा दोनों प्रदान कर रहा है। आज कई धोखाधड़ी की शुरुआत एक साधारण टेक्स्ट मैसेज से होती है, जिसे तुरंत कार्रवाई करने के लिए लोगों में जल्दबाजी, डर या जिज्ञासा पैदा करने के उद्देश्य से तैयार किया जाता है। सोशल इंजीनियरिंग का यह तरीका तकनीकी विशेषज्ञता के बजाय मानवीय भावनाओं का फायदा उठाता है। यह जानना कि ये धोखाधड़ी कैसे काम करती हैं, आपको इनके चेतावनी संकेतों को पहचानने और वित्तीय धोखाधड़ी से खुद को सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है। टेक्स्ट मैसेज स्कैम एक फर्जी स्क्र होता है, जिसे आपको ऐसा कोई कदम उठाने के लिए धोखा देकर भेजा जाता है।

# नकली नोटों का लालच देकर कारोबारी से 1.13 करोड़ की ठगी



**रायपुर 4 अगस्त।** राजधानी रायपुर में नकली नोटों के लालच में कारोबारी के साथ 1.13 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. करीब 45 करोड़ रुपये के नकली नोटों को बाजार में खपाने की तैयारी थी. सौदा तय होने के बाद आरोपियों ने पैसे ले लिए लेकिन नकली नोट उपलब्ध नहीं कराए. इस मामले में नकली नोटों के नेटवर्क की आशंका खड़ी हो गई है. पूरा मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, सोशल मीडिया पर वीडियो देखने के बाद कारोबारी आरोपियों के संपर्क में आया. आरोपियों ने उमेश गुप्ता से संपर्क कर दावा किया कि उनके पास नकली नोट उपलब्ध है. आरोपियों ने 1 करोड़ 13 लाख रुपये के बदले 45 करोड़ के नकली नोट का ऑफर दिया. इसके बाद रायपुर और महाराष्ट्र के होटलों के अलावा अन्य स्थानों पर बैठक हुई.

सौदे को अंतिम रूप देने के लिए रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र के अलग-अलग होटलों में कई बैठकें आयोजित की गईं. आरोपियों ने खुद को ऐसे नेटवर्क से जुड़ा बताया, जो बड़ी मात्रा में नकली नोट उपलब्ध करा सकता है. भरोसा जीतने के लिए वे लगातार पीड़ित के संपर्क में रहे और अलग-अलग बहानों से रकम की मांग करते रहे.

आरोप है कि कुछ रकम रायपुर में ली गई, जबकि शेष राशि लेने के लिए पीड़ित को महाराष्ट्र के अलग-अलग स्थानों पर बुलाया गया. इस तरह आरोपियों ने कथित तौर पर कुल 1 करोड़ 13 लाख रुपये अपने कब्जे में ले लिए. रकम मिलने के बाद आरोपी नकली नोटों की खेप आने, सुरक्षा व्यवस्था और डिलीवरी से जुड़े नए-नए बहाने बनाते रहे. काफी समय बीतने के बावजूद न तो नकली नोट दिए गए और न ही रुपये लौटाए गए. ठगी का एहसास होने पर कारोबारी ने तेलीबांधा थाने में शिकायत दर्ज कराई.

पुलिस इस पूरे मामले की दो अलग-अलग पहलुओं से जांच कर रही है. पहला, शिकायत में दर्ज 1 करोड़ 13 लाख रुपये की ठगी और दूसरा, एफआईआर में लगाए गए उस आरोप की जांच, जिसमें कथित तौर पर नकली नोटों के लेन-देन और उन्हें बाजार में खपाने की योजना का जिक्र किया गया है. जांच के दौरान पुलिस होटल में हुई बैठकों के रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल कॉल डिटेल, बैंक और नकद लेन-देन, यात्रा संबंधी दस्तावेजों के साथ-साथ महाराष्ट्र में हुई मुलाकातों की जानकारी भी जुटा रही है. इसके अलावा पुलिस यह भी पता लगा रही है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं और क्या इस तरह की ठगी के अन्य मामले भी सामने आए हैं.

## 6 नए जिलों में नियुक्त होंगे खेल अधिकारी: अरुण साव

**रायपुर 4 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में खेलों के विकास को नई गति देने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश के छह नए जिलों में जिला खेल अधिकारी के पदों पर नियुक्ति की स्वीकृति दे दी गई है। इन नियुक्तियों से स्थानीय स्तर पर खेल गतिविधियों के संचालन और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। जिन जिलों में जिला खेल अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी उनमें मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर , खैरागढ़-छुईखदान-गंडई , सक्ती, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही शामिल हैं।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि प्रदेश में खेल गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं और सरकार खेल अधोसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने बताया कि नवा रायपुर और जशपुर में करीब 67 करोड़ रुपये की लागत से तीरंदाजी अकादमी का निर्माण कार्य जारी है, जिससे प्रदेश के खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं मिलेंगी।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन की शुरुआत की है, जिसके लिए 100 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इस मिशन का उद्देश्य प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को पहचानना, उन्हें प्रशिक्षण देना और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करना है।14 प्रशिक्षकों को आधुनिक खेल प्रशिक्षण के लिए पटियाला भेजा गया है, जहां वे नवीनतम तकनीकों और खेल विज्ञान का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

प्रदेश के खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता का प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि छत्तीसगढ़ में जल्द ही हॉकी लीग का आयोजन किया जाएगा, जिससे प्रदेश के हॉकी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बड़ा मंच मिलेगा और खेल संस्कृति को और मजबूती मिलेगी।

### डब्लूआरएस कॉलोनी के तालाब में मिली अज्ञात युवती की लाश

**रायपुर 4 अगस्त।** राजधानी रायपुर के खमतराई थाना क्षेत्र अंतर्गत डब्लूआरएस कॉलोनी स्थित तालाब में मंगलवार को एक अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतका की उम्र करीब 24 से 25 वर्ष बताई जा रही है। घटनास्थल से युवती का मोबाइल फोन बरामद हुआ है। पुलिस मोबाइल के आधार पर उसकी पहचान करने का प्रयास कर रही है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम और क्राइम ब्रांच के अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस हत्या, हादसा और आत्महत्या–तीनों संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### लाशों पर राजनीति कर रही कांग्रेस : भाजपा

**रायपुर 4 अगस्त ।**भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पाण्डे ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर कड़ा प्रहार करते हुए तीखा हमला बोला है। श्रीमती पाण्डे ने कहा कि जिस कांग्रेस की भूपेश सरकार नक्सली हमले में शहीद जवानों का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम में नहीं करवा पाई, उस कांग्रेस के प्रदेश मुखिया बैज को अब लाशों पर राजनीति करते हुए शर्म से गड़ जाना चाहिए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती पाण्डे ने कहा कि कुलगाम आतंकी हमले में मृत छत्तीसगढ़ के दो मजदूरों के शवों को किन्हीं विशेष परिस्थितियों के चलते छत्तीसगढ़ नहीं ला पाने को लेकर रूदाली रूदन कर रहे बैज को अपनी पूर्ववर्ती सरकार का काला इतिहास याद रखना चाहिए। बैज को यह नहीं भूलना चाहिए कि नक्सलियों की गीदड़ भभकी के आगे मिमियाते हुए घुटनों पर आई कांग्रेस की पिछली भूपेश बघेल सरकार छत्तीसगढ़ के बस्तर में हुए नक्सली हमले में शहीद जवानों के शवों को बस्तर सम्भाग में ही उनके गृह ग्राम तक पहुँचाने में नाकाम रही थी। इससे अधिक शर्मनाक और कायराना राजनीतिक चरित्र किसी प्रदेश सरकार का और क्या हो सकता है आज प्रदेश सरकार पर संवेदनहीनता की तोहमत लगा रहे बैज की संवेदनशीलता तब वेंटीलेटर पर क्यों थी श्रीमती पाण्डे ने कहा कि जो कांग्रेस सरकार जवानों के बलिदान और सम्मान की रक्षा नहीं कर सकी।

## भारतीय रेल ने माल ढुलाई में 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की

**रायपुर 4 अगस्त।** भारतीय रेल ने जुलाई 2026 के दौरान अपना मजबूत संचालनात्मक निष्पादन जारी रखा। इसने माल ढुलाई और यात्री सेवा दोनों क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि दर्ज की। ज्यादा माल ढुलाई, यात्रियों के आवागमन में बढ़ोतरी, बेहतर राजस्व अर्जन और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ी हुई आवाजाही, आर्थिक वृद्धि को समर्थन करने, लॉजिस्टिक सुविधाओं को मजबूत करने और पूरे देश में भरोसेमंद आवागमन की सुविधा प्रदान करने में भारतीय रेल की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाते हैं।

भारतीय रेल ने जुलाई 2026 में 141.3 मिलियन टन माल ढुलाई की, जबकि पिछले साल इसी महीने में 129.7 मिलियन टन माल ढुलाई हुई थी, जो 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है। यह मजबूत निष्पादन आधारित अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र में लगातार मांग और माल ढुलाई से जुड़ी लॉजिस्टिक सुविधाओं और संचालनात्मक दक्षता को बेहतर बनाने की लगातार कोशिशों को दर्शाता है।



जुलाई 2026 के दौरान कई बड़े कमोडिटी समूहों ने साल-दर-साल अच्छी वृद्धि दर्ज की। लौह अयस्क की ढुलाई में 22.2 प्रतिशत, कोयले में 11.5 प्रतिशत, अनाज में 11.5 प्रतिशत, फर्टिलाइजर में 12 प्रतिशत और बाकी दूसरे सामान में 12.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जो इंफ्रास्ट्रक्चर, विनिर्माण और कृषि क्षेत्र से मजबूत मांग को दिखाता है। थर्मल पावर संयंत्रों में कोयले की मांग बढ़ने के साथ, भारतीय रेल ने पिछले साल इसी महीने की तुलना में जुलाई में विद्युत संयंत्रों को घरेलू कोयले की आपूर्ति 20 प्रतिशत बढ़ा दी।

**माल ढुलाई से होने वाली कमाई में निरंतर बढ़ोतरी:** माल ढुलाई में बढ़ोतरी की वजह से जुलाई 2025 में माल ढुलाई से 1,137 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व अर्जित हुआ, जो 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। जोनल रेलवे में, पूर्व-मध्य रेलवे (33 प्रतिशत), पूर्व रेलवे (33 प्रतिशत), पश्चिम-मध्य रेलवे (23 प्रतिशत) और दक्षिण-पूर्व रेलवे (10.33 प्रतिशत) ने माल ढुलाई से प्राप्त राजस्व में अच्छी बढ़ोतरी दर्ज की। जुलाई 2026 में भारतीय रेल ने 63.35 करोड़ पैसेंजर को ढोया, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह संख्या 62.19 करोड़ थी। उपनगरीय और गैर-उपनगरीय, दोनों क्षेत्रों में पैसेंजर ट्रैफिक बढ़ता रहा, जो देश भर में रेल यात्रा के लिए बढ़ती पसंद को दिखाता है।

भारतीय रेल माल ढुलाई की लॉजिस्टिक सुविधाओं को मजबूत करने, यात्री सेवाओं को बेहतर बनाने और आधुनिक रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। संचालनात्मक दक्षता में लगातार सुधार, क्षमता बढ़ाने और ग्राहक-केंद्रित पहलों के जरिए, भारतीय रेल भारत की आर्थिक वृद्धि, ऊर्जा सुरक्षा और हर दिन लाखों यात्रियों के लिए आवागमन की सुगमता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### स्कूल बस की चपेट में आने से 3 वर्षीय मासूम की मौत

**रायपुर 4 अगस्त।** राजधानी रायपुर के विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 3 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। हादसा विधानसभा ओवरब्रिज के नीचे सर्विस रोड पर हुआ, जहां एक निजी स्कूल बस की चपेट में आने से बच्चे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने बस चालक को गिरफ्तार कर बस जब्त कर ली है। पुलिस के अनुसार, विधानसभा क्षेत्र के अंडरब्रिज के पास रहने वाले राजा देवार का तीन वर्षीय पुत्र मुन्ना सुबह करीब 8 बजे सड़क पर था। इसी दौरान बच्चों को लेकर स्कूल जा रही भुवंस स्कूल की बस की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही विधानसभा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बस चालक धलेंद्र साहू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस बस चालक और कंडक्टर से पूछताछ कर रही है। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के बाद आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में विधानसभा थाना पहुंचे और चालक के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि स्कूल बसों की तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है। पुलिस ने परिजनों को निष्पक्ष जांच और नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## बिजली सस्ती होने का दावा जनता के जख्म पर नमक छिड़कने जैसा: कांग्रेस

**रायपुर 4 अगस्त ।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि विद्युत कंपनी के द्वारा बिजली के दाम नही बढ़ने और बिजली सस्ती होने का दावा जनता के कटे पर नमक छिड़कने वाला है। ढाई साल में भाजपा की सरकार ने बिजली के दाम में 5 बार बढ़ोतरी किया है। 400 यूनिट हाफ योजना बंद कर दिया उसके बाद यह कहना कि बिजली सस्ती हो गयी यह बताता है कि भाजपा सरकार और बिजली कंपनी प्रदेश की जनता को मुर्ख समझती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बिजली कंपनी दावा कर रही है कि जून की अपेक्षा जुलाई में 30 प्रतिशत बिजली कम खपत हुई है, लेकिन पिछले 8 माह से प्रतिमाह हर आदमी की औसत बिजली खपत तथा बिजली बिल 30 से 40 प्रतिशत बढ़ते गया है। जो 8 माह में चार गुना से भी ज्यादा है। जून की अपेक्षा जुलाई में खपत कम होना स्वाभाविक है लेकिन बिजली कंपनी पिछले 8 माह के बिजली बिल का विश्लेषण जारी करे। इनके दावे भ्रामक, झूठे और परेशान जनता को मुंह चिढ़ाने वाले है एक तरफ जनता को लूट रहे ऊपर से जनता को ही गलत ठहरा रहे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार ने जुलाई से घरेलू उपभोक्ताओं के दाम में 30 से 50 पैसे तथा गैर घरेलू में 20 से 40 पैसे की बढ़ोत्तरी किया है। कृषि के पंप की बिजली में भी 40 पैसे की बढ़ोत्तरी की गयी है। भाजपा की सरकार बनने के बाद लगातार पांचवी बार बिजली के दाम बढ़ाये गये है। बिजली के बेतहाशा बिल जनता की परेशानी का कारण बने हुये है। हाल ही में भाजपा सरकार ने बिजली के दामों में 12 प्रतिशत विद्युत ईधन अधिभार (एमपीपीएस) के रूप में बढ़ोत्तरी किया था। भाजपा की सरकार आने के बाद अभी तक 31.23 प्रतिशत बिजली के दाम बढ़ाये गये है। कांग्रेस की सरकार ने 5 साल में केवल 2 पैसे की बढ़ोत्तरी बिजली के दामों में किया था, उसमें भी 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू थी। भाजपा से सरकार नहीं संभल नही रही है। वह केवल जनता पर बोझ डालने का काम करती है।

PICTURE-स्टोरी




रायपुर 4 अगस्त । नर्सिंग एसोसियशन ने आज अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

# रायपुर में 54 करोड़ में बन रहा सरकारी स्कूल

### नवंबर में हो जाएगा तैयार, विदेशी बच्चे भी पढ़ेंगे साथ

**रायपुर 4 अगस्त।** नवा रायपुर के सेक्टर-32 में 54 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन सरकारी इंटरनेशनल बोर्डिंग स्कूल का निर्माण नवंबर तक पूरा होने की संभावना है। करीब 20 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रहे इस आवासीय विद्यालय का निर्माण विगत चार वर्षों से जारी है। परियोजना पूरी होने के बाद यहां कक्षा छठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शैक्षणिक और आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। लेकिन, स्कूल किस शिक्षा बोर्ड से संचालित होगा, इस पर अब तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

इसके अलावा शिक्षकों की नियुक्ति और प्रवेश प्रक्रिया को लेकर भी सरकार को जल्द फैसला लेना होगा, ताकि भवन तैयार होने के बाद विद्यालय का संचालन शुरू हो सके। सितंबर 2022 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने दावा किया था कि वर्ष 2023 से एक हजार विद्यार्थियों की क्षमता वाले इस इंटरनेशनल बोर्डिंग स्कूल का



संचालन शुरू हो जाएगा, लेकिन निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हो पाया।

पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में परियोजना के लिए पहली किस्त के रूप में 26 करोड़ रुपये जारी किए गए थे। सरकार बदलने के बाद अतिरिक्त राशि समय पर स्वीकृत नहीं होने से ठेकेदार ने कुछ समय के लिए निर्माण कार्य रोक दिया था। बाद में वित्तीय स्वीकृतियां मिलने पर निर्माण दोबारा शुरू हुआ। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर नवा रायपुर के इंटरनेशनल बोर्डिंग स्कूल का वर्चुअल शिलान्यास किया था। इसके संचालन के लिए समिति गठित की गई थी, जिसके पदेन अध्यक्ष मुख्यमंत्री और उपाध्यक्ष स्कूल शिक्षा मंत्री बनाए गए थे। समिति में सदस्य सचिव और अन्य सात सदस्य नियुक्त किए गए थे। स्कूल का निर्माण दो चरणों में प्रस्तावित था। पहले चरण में अकादमिक भवन, प्रयोगशालाएं, प्रशासनिक भवन, छात्रावास, डाइनिंग हाल, इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, स्वीमिंग पूल, हॉर्स राइडिंग सुविधा और खेल मैदान विकसित किए जाने थे। दूसरे चरण में ऑडिटोरियम, विद्यार्थियों के लिए छात्रावास और अन्य सुविधाओं का निर्माण प्रस्तावित था। विधानसभा के मानसून सत्र में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने नवा रायपुर में निर्माणाधीन इंटरनेशनल बोर्डिंग स्कूल की वित्तीय और भौतिक प्रगति को लेकर प्रश्न लगाया था। जवाब में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि परियोजना को पांच अक्टूबर 2021 को स्वीकृति मिली थी और 10 सितंबर 2022 से निर्माण कार्य शुरू हुआ। वर्तमान में करीब 70 प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है। परियोजना की अनुमानित लागत 49.52 करोड़ रुपये है, जिसकी स्वीकृति दी जा चुकी है। अब तक 35.89 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। स्कूल के संचालन के लिए किस शिक्षा बोर्ड को अपनाया जाएगा, इस पर अभी निर्णय नहीं हुआ है। विद्यालय में 700 विद्यार्थियों के अध्ययन और 328 विद्यार्थियों के आवास की वर्तमान में व्यवस्था है।

## भाजपा सरकार ढाई साल में ही अलोकप्रिय : दीपक बैज

**रायपुर 4 अगस्त।** भाजपा सरकार ने अपने ढाई साल के कार्यकाल में जनता का भरोसा खो दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार के खिलाफ चौतरफा आक्रोश है। मोदी की गारंटी के नाम पर जनता का मत हासिल किया। ढाई साल में एक भी मोदी की गारंटी पूरा नहीं किया। सरकार से प्रदेश का हर वर्ग नाराज है। किसान नाराज है, युवा नाराज है, सरकारी भर्तियां बंद है, जो भर्तियां हुई है उसमें भ्रष्टाचार किया गया। फारेस्ट आरक्षक भर्ती, पुलिस आरक्षक भर्ती, आरआई भर्ती सभी जगह आरक्षक भ्रष्टाचार हो रहा। आदिवासियों किसानों की जमीने जबरिया उद्योगो और खदानों के लिये अधिग्रहित की जा रही है। विरोध करने पर लाठियां चालाई जा रही है, महिलाएं निराश है, महतारी वंदन के नाम पर उनसे धोखा दिया गया। प्रदेश में 1.25 लाख से अधिक विवाहित महिलाएं है, महतारी वंदन की राशि 67 लाख महिलाओं को दे रहे है। कर्मचारी नाराज है, सरकार ने उनको भी धोखा दिया। अनियमित कर्मचारियो को नियमित करने का वादा पूरा नहीं किया। बिजली के दाम बढ़ाने, भूमि के गाइडलाइन के रेट बढ़ाने, 5 डिसमिल से कम जमीनों की रजिस्ट्री बंद करने से जनता नाराज है। कोई ऐसा वर्ग नहीं जो सरकार के ढाई साल के कार्यकाल से खुश हो। 400 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना बंद कर दिया, राजीव मितान योजना, गोधन न्याय योजना, शहीद महेन्द्र कर्मा तेंदूपत्ता संग्राहक बीमा योजना, बेरोजगारी भत्ता, रीपा, मुख्यमंत्री कर्ज माफी, सिंचाई कर माफी, महिला समूहों की ऋण माफी, सीएम आदिवासी परब सम्मान निधि, सीएम छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि, कोदो कुटकी रागी खरीदी, नरवा-गरवा-घुरवा बारी, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, मुख्यमंत्री महतारी दुलार, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन, धरसा विकास, शहरी गरीबों को पट्टा एवं आवास, छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना को बंद किया। यह सरकार दुर्भावना वाली सरकार है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26